# देशबन्धु

वर्ष – 8 । अंक–292 । सागर, बुधवार, 13 दिसम्बर 2023 । पृष्ठ –8 । मूल्य – 3.00 रुपए



लीडर में सही निर्णय, साहस, आत्मविश्वास होना जरूरी : वाइस एडमिरल पृष्ठ 3

- क्या कारगर होंगे भाजपा के नये-पुराने हथियार?
- भगवा से मुकाबला के लिए इंडिया गठबंधन को चाहिए एक अधिक आकर्षक आख्यान पृष्ठ 4

- बम्होरी में कलयुगी पुत्रों ने की वृद्ध दंपति की मारपीट पृष्ठ 6

चालानी कार्रवाई के नाम पर बृजपुर पुलिस पर 50 हजार लूटने का आरोप पृष्ठ 7


## सार-समाचार

### तोमर ने विधानसभा पहुंचकर की अध्यक्ष गौतम से मुलाकात





**भोपाल, देशबन्धु।** विधानसभा के नवनिर्वाचित सदस्य और पूर्व केन्द्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने आज विधानसभा पहुंचे। उन्होंने यहां विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम से सौजन्य भेंट की। इस मुलाकात के दौरान अन्य विधायकों के साथ विधानसभा अध्यक्ष और प्रमुख सचिव अवधेश प्रताप सिंह भी मौजूद रहे। विधानसभा अध्यक्ष से मुलाकात के बाद श्री तोमर विधानसभा द्वारा बनाए गए स्वागत कक्ष पहुंचकर आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कीं। इनके अलावा विधायक जयवर्धन सिंह, दिनेश गुर्जर, बरबड़े, श्रीमती सरला रावत सहित अन्य सदस्यों ने प्रमुख सचिव के कक्ष में पहुंचकर मुलाकात की। वहीं श्रीमती गंगा सज्जन सिंह उइके, हेमंत खंडेलवाल, ठाकुरदास नागवंशी, उदयप्रताप सिंह , विजयपाल सिंह अभिलाष पांडे, राजेन्द्र पांडे, महेन्द्र सिंह चौहान, सुश्री मीना सिंह, डॉ. योगेश पण्डाग्रे, विपिन जैन, सीतासरन शर्मा, ओमप्रकाश धुर्वे, जितेन्द्र पंडया, श्रीमती मनीषा सिंह, श्रीमती सरला रावत, हरिसिंह रघुवंशी, हरिशंकर खटीक एवं श्रीमती कंचन मुकेश तनवे भी विस पहुंचे। उल्लेखनीय है कि एनआईसी द्वारा एक सॉफ्टवेयर बनाया गया है। जिसमें सोलहवीं विधानसभा के नवनिर्वाचित सदस्यों का पूरा विवरण फीड किया जा रहा है। अब तक कुल -196 सदस्यों ने विधानसभा पहुंचकर आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण कीं।

- जयवर्धन सहित 21 विधायकों ने दर्ज कराई आमद, पूरी की औपचारिकताएं
- एनआईसी के सॉफ्टवेयर में फीड हुई 196 विधायकों की जानकारी

### नेता प्रतिपक्ष चुनने कांग्रेस विधायक दल की बैठक कल

**भोपाल, देशबन्धु।** नव निर्वाचित कांग्रेस विधायक दल की बैठक गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में रखी गई है। बैठक में 16 वीं विधानसभा के लिए नेता प्रतिपक्ष चुना जाएगा। इस संबंध में सभी विधायकों को सूचना भेज दी गई है।

प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में सुबह 11 बजे से शुरू होने वाली इस बैठक के दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, चुनाव प्रभारी रणदीप सुरजेवाला और छानबीन समिति के अध्यक्ष भंवर जितेंद्र सिंह भी बैठक में विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। विधायक दल के नेता के लिए पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह की जहां प्रबल दावेदारी माने जा रहे है। वहीं पूर्व गृहमंत्री बाला बच्चन भी नेता प्रतिपक्ष के लिए सशक्त दावेदार हैं। जबकि पूर्व मंत्री उमंग सिंघार और विधायक राव निवास रावत के नाम चर्चाओं में हैं। हालांकि इनमें से किसी एक को कांग्रेस विधायक दल का नेता चुना जा सकता है। ज्ञात हो कि अजय सिंह पूर्व में दो बार नेताप्रतिपक्ष रह चुके हैं, जबकि बाला बच्चन भी उप नेताप्रतिपक्ष की जिम्मेदारी विधानसभा में संभाल चुके हैं। राम निवास रावत ओबीसी वर्ग से आते हैं और संसदीय कार्यवाही के अच्छे भी हैं। जबकि युवा और आदिवासी चेहरे के रूप में उमंग सिंघार को भी नेता चुना जा सकता है।

### अनंतनाग में हथियार और गोला-बारूद के साथ दो गिरफ्तार

**श्रीनगर, एजेंसी।** सुरक्षा बलों ने मंगलवार को जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में दो लोगों को पकड़ा और उनके पास से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया। सेना ने अपने आधिकारिक एक्स-पोस्ट पर कहा, खुफिया सूचनाओं के आधार पर, 11 दिसंबर 2023 को भारतीय सेना और जम्मू कश्मीर पुलिस द्वारा ज़बिलपुरा, बिजबेहरा, अनंतनाग में एक संयुक्त मोबाइल वाहन चेक पोस्ट (एमवीसीपी) स्थापित किया गया था।। इस दौरान युद्ध जैसे सामानों की बरामदगी के साथ दो संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ा गया है। जांच चल रही है। दोनों व्यक्तियों को सेना और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम ने अनंतनाग जिले के बिजबेहरा इलाके से पकड़ा।

**भव्य तैयारी :** मोदी, शाह, नड्डा सहित कई नेता शपथ ग्रहण समारोह में होंगे शामिल

# डॉ. मोहन यादव आज लेंगे शपथ, देवड़ा और शुक्ल बनेंगे उपमुख्यमंत्री

**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा विधायक दल के नेता एवं नवनियुक्त मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार को शपथ लेंगे। मुख्यमंत्री के साथ ही 2 उपमुख्यमंत्री- जगदीश देवड़ा और राजेन्द्र शुक्ल भी उपमुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित कई वरिष्ठ नेता और अन्य राज्यों के मुख्यमंत्री शपथ ग्रहण समारोह में हिस्सा लेंगे। भोपाल के मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में दोपहर 12 बजे होने वाले शपथ ग्रहण कार्यक्रम की भव्य तैयारियां की गई हैं।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री शर्मा ने मीडिया को बताया कि शपथ समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा, केन्द्रीय मंत्री एवं पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन गडकरी सहित कई राज्यों के मुख्यमंत्री मौजूद रहेंगे। इससे पूर्व पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, नवनियुक्त मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा, निवर्तमान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, पार्टी के संगठन महामंत्री हितानंद, प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक शर्मा, विधायक रामेश्वर शर्मा एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियों का जायजा लिया। इसमें प्रदेश भर से बड़ी संख्या में पार्टी नेता और कार्यकर्ता भी यहां पहुंच रहे हैं। नए मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह को लेकर तैयारियां देर रात तक चलती रहीं।









*भाजपा नेताओं ने भोपाल स्थित मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में बुधवार को होने वाले शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियों का जायजा लिया।*

### जनता के सेवक के रूप में मिली जिम्मेदारी : यादव

**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा विधायक दल के नेता डॉ. मोहन यादव बुधवार दोपहर पंडित मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में समारोह पूर्वक शपथ ग्रहण करेंगे। इसके पहले डॉ. यादव ने आज सुबह मीडियाकर्मियों से चर्चा की। उन्होंने स्वयं को भाजपा का एक सामान्य कार्यकर्ता और जनता का सेवक बताया है। डॉ. यादव ने कहा कि मैने इस जिम्मेदारी को एक सेवक की तरह लिया है। इसी भावना को आधार बनाकर हम काम करेंगे । हालांकि हम अभी भी जनता के बीच में काम कर रहे हैं, लेकिन हम यह देखेंगे कि जनता के लिए बेहतरी के लिए और क्या कर सकते हैं।

मीडिया से चर्चा के दौरान भावुक हुए शिवराज, बोले-

# मुझे संतोष है कि भारी बहुमत वाली सरकार बनाकर जा रहा हूं

**भोपाल, देशबन्धु।** निवर्तमान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मुख्यमंत्री के रूप में विदा लेते हुए मुझे इस बात का संतोष है कि 2023 में फिर भारी बहुमत से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी। उन्होंने नवनियुक्त मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में प्रदेश प्रगति और विकास की दृष्टि से नई ऊंचाईयां छुएगा। मैं सदैव उनका सहयोग करता रहूंगा। श्री चौहान ने आज अपने निवास पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए यह बात कही। इस दौरान वे कई बार भावुक नजर आए।

श्री चौहान ने मध्यप्रदेश में मिली जीत को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मिली जीत बताते हुए कहा कि इस जीत में लाड़ली बहना योजना का भी जबरदस्त योगदान है। उन्होने कहा कि बीते सालों में अपनी पूरी क्षमता और सामर्थ्य से उन्होने प्रदेश के विकास के लिए कार्य किया और आगे भी वे पार्टी के एक समर्पित कार्यकर्ता के रूप में काम करते रहेंगे। श्री चौहान ने कहा कि आज मेरे मन में एक संतोष का भाव है। 2003 में उमा जी के नेतृत्व में भारी बहुमत से भाजपा की सरकार बनी थी और उसी सरकार का नेतृत्व कुछ समय बाद मैंने किया। 2008 में हम फिर सरकार में ■ शेष पृष्ठ 5 पर

### मामा-भाई का रिश्ता टूटने नहीं दूंगा

श्री चौहान ने कहा कि पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता के नाते, मैंने हमेशा कहा कि भारतीय जनता पार्टी मेरे लिए मिशन है, राष्ट्रीय पुनर्निर्माण का, जनता के कल्याण का, दरिद्र नारायण की सेवा का..वो काम लगातार चलता रहेगा। मैं अंत में इतना ही कहता हूं कि मुख्यमंत्री रहते हुए भी जनता से कभी मेरे रिश्ते 'मुख्यमंत्री और जनता' के नहीं रहे, परिवार के रिश्ते रहे हैं। मामा का रिश्ता है प्यार का रिश्ता और भैया का रिश्ता है विश्वास का रिश्ता। ये प्यार और विश्वास के रिश्ते ■ शेष पृष्ठ 5 पर



### अपने लिए कुछ मांगने से मैं मरना बेहतर समझूंगा

श्री चौहान से पत्रकारों ने पूछा कि आपने कहा था 'मैं दिल्ली नहीं जाऊंगा' तो उन्होंने कहा कि मुझसे पूछा गया था कि बाकी लोग दिल्ली में हैं, आप दिल्ली जाएंगे क्या। एक बात मैं बड़ी विनम्रता के साथ कहता हूं..अपने लिए कुछ मांगने जाने से बेहतर मैं मरना समझूंगा..वो मेरा काम नहीं है। इसलिए मैंने कहा था मैं दिल्ली नहीं जाऊंगा।' क्या आप लोकसभा चुनाव ■ शेष पृष्ठ 5 पर

**पार्टी ने मुझे सबकुछ दिया, अब देने का वक्त**

### पार्टी जो काम देगी, वो करूंगा

जब उनसे पूछा गया कि अब आपकी भूमिका क्या होगी तो उन्होने कहा कि 'एक कार्यकर्ता की भूमिका है मेरी। जब आत्मकेंद्रित होता है व्यक्ति जो उसको लगता है कि मैं कहां हूं। लेकिन भारतीय जनता पार्टी एक मिशन है..उसमें हर कार्यकर्ता के लिए कुछ न कुछ काम है। जो भी काम पार्टी देगी, वो मैं करूंगा।' उन्होने कहा कि जिद जुनून जज्बा था और चुनाव के दौरान मैं दो घंटे से ज्यादा नहीं सोया। भारतीय जनता पार्टी की सरकार लाने की जिम्मेदारी ■ शेष पृष्ठ 5 पर

### मेल मुलाकातों में गुजरा नव नियुक्त मुख्यमंत्री का दिन

**उमा, शर्मा, मिश्रा और भार्गव से की मुलाकात**

**भोपाल, देशबन्धु।** नव नियुक्त मुख्यमंत्री आज दिन भर स्वागत और मेल मुलाकात में व्यस्त रहें। इस दौरान वह वरिष्ठ भाजपा नेताओं के निवास पर उनसे मिलने पहुंचे और उनसे मार्गदर्शन तथा सहयोग की अपेक्षा की।

नवनियुक्त मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पूर्व मुख्यमंत्री सुश्री उमा भारती के निवास पहुंच कर उनसे भेंट की और आशीर्वाद प्राप्त किया। सुश्री उमा भारती ने तिलक कर तथा मिष्ठान खिलाकर उनका अभिवादन किया। वहीं 'मोदी के मन में एमपी और एमपी के मन में मोहन' के शब्दों के साथ डॉ. यादव को नए दायित्व के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं।

वहीं भाजपा प्रदेशाध्यक्ष और सांसद वीडी शर्मा से मिलने नवनियुक्त मुख्यमंत्री डॉ. यादव उनके निवास पहुंचे और सौजन्य भेंट की। श्री शर्मा ने शाल श्रीफल भेंट कर नवनियुक्त मुख्यमंत्री डॉ. यादव का स्वागत किया और मिठाई खिलाकर उनका मुंह मीठा कराया। पूर्व केन्द्रीय मंत्री विक्रम वर्मा के निवास पहुंचकर भी डॉ. यादव ने आशीर्वाद प्राप्त किया। श्री वर्मा ने नव



नियुक्त मुख्यमंत्री डॉ. यादव का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया और बधाई दी। इस अवसर पर श्री वर्मा की धर्मपत्नी तथा नव निर्वाचित विधायक श्रीमती नीना विक्रम वर्मा और परिवार के अन्य सदस्य मौजूद थे। उन्होंने निवृत्तमान गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा से मुलाकात की। इस दौरान श्री यादव की मुलाकात बेहद आत्मीय



रहीं। डॉ. यादव डॉ. मिश्रा से मिलने उनके बंगले पर गए थे। यहां पहुंचने पर डॉ. मिश्रा ने उनका स्वागत किया, साथ ही उन्हें बधाई दी और उनके प्रति शुभकामनाएं भी व्यक्त कीं। इधर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ■ शेष पृष्ठ 5 पर

इंडिया गठबंधन का बदलेगा सुर

# अब मोदी नहीं मुद्दों पर बनेगी रणनीति

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में मिली 4-1 की शिकस्त का असर अब इंडिया गठबंधन की रणनीति पर भी पड़ता नजर आ सकता है। गठबंधन के घटक दलों के बीच मनमुटाव की खबरों के बीच कांग्रेस ने पहल करते हुए समाजवादी पार्टी,जनता दल यूनाईटेड व तृणमूल कांग्रेस समेत तमाम सहयोगी दलों के नेताओं से बातचीत कर इस बात का संकेत दिया है कि लोकसभा चुनावों में सहयोगी दलों की क्षेत्रीय हैसियत को ध्यान में रखते हुए सीटों के बंटवारे का फार्मूला तय किया जाएगा। साथ ही इसी के मद्देनजर न्यूनतम साझा कार्यक्रम के तहत चुनावी मुद्दे भी तय होंगे। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, इंडिया गठबंधन 2024 के लोकसभा चुनाव में मोदी हटाओ के एजेंडे के बजाय जनता से जुडे मुद्दों के वैकल्पिक एजेंडे के साथ चुनावी रण में उतरने की तैयारी में है।

**सहयोगी दलों की हैसियत को ध्यान में रखते हुए सीटों के बंटवारे का फार्मूला तय होगा**

### 19 दिसम्बर को दिल्ली में होगी बैठक

कांग्रेस नेताओं का मानना है कि पहले लोकसभा चुनावों में जब किसी राष्ट्रीय पार्टी को बहुमत नहीं मिला था तो यूपीए या एनडीए ने न्यूनतम साझा कार्यक्रम के तहत सरकार का गठन किया। लेकिन इंडिया गठबंधन चुनाव से पहले ही न्यूनतम साझा कार्यक्रम के तहत एजेंडा तय कर जनता के बीच जाएगी। इंडिया गठबंधन की अगली बैठक में इसको लेकर चर्चा की जा सकती है। इसमें सामाजिक,आर्थिक और राजनैतिक मुद्दों को लेकर साझा कार्यक्रम तय करने पर विचार हो सकता है। गठबंधन का पूरा फोकस जनता से जुडे मुद्दे होंगे और इसी आधार पर वोट मांगा जाएगा। ताकि जनता खुद को मुद्दों के साथ जुडी पाए। बतादें कि गठबंधन की चौथी बैठक 19 दिसम्बर को दिल्ली में होने जा रही है।

राहुल गांधी ने भाजपा पर किया पलटवार

# मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए नेहरू की करते हैं बात



**नई दिल्ली, देशबन्धु।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को भाजपा पर पलटवार करते हुए कहा कि वे देश के वास्तविक मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के बारे में बात करते रहते हैं। राहुल गांधी ने फिर जाति आधारित जनगणना की मांग दोहराई और सरकार पर इस पर चर्चा नहीं करने का आरोप लगाया।

संसद के बाहर मीडिया से बात करते हुए राहुल गांधी ने कहा, ये सब ध्यान भटकाने वाली रणनीति है। मूल मुद्दा जाति आधारित जनगणना है और लोगों का पैसा किसे मिल रहा है? वे इस मुद्दे पर चर्चा नहीं करना चाहते हैं, वे इससे दूर भागते हैं। केरल के वायनाड से लोकसभा सांसद ने कहा, हम इस मुद्दे को आगे बढ़ाएंगे और सुनिश्चित करेंगे कि गरीबों को उनका हक मिले। जब उन्हें बताया गया कि भाजपा ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के रूप में एक ओबीसी नेता की घोषणा की है, तो उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ में हमारा मुख्यमंत्री भी ओबीसी से था, अब उन्होंने भी एक ओबीसी मुख्यमंत्री की घोषणा की है। लेकिन सवाल यह है कि सरकारी व्यवस्था में कितने ओबीसी हैं? उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र ■ शेष पृष्ठ 5 पर

# राज्यसभा में आया चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति का बिल

### कांग्रेस ने बिल का किया विरोध

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राज्यसभा में मंगलवार को मुख्य निर्वाचन आयुक्त व अन्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति, सेवा शर्तों और पदावधि संबंधी विधेयक पेश किया गया।

विधेयक में चयन समिति में अध्यक्ष के रूप में प्रधानमंत्री, सदस्यों के रूप में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष व प्रधानमंत्री द्वारा नामित एक केंद्रीय मंत्री शामिल होंगे। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने राज्यसभा में यह विधेयक प्रस्तुत किया। इस विषय पर बोलते हुए कांग्रेस सांसद रणदीप सिंह हुड्डा ने कहा कि चुनाव आयोग की बात करते समय चार शब्द निर्भीकता, शुचिता, निष्पक्षता, स्वायत्ता सभी व्यक्तियों के दिमाग में आएंगे। सरकार द्वारा पेश किया जा रहा यह कानून इन चारों शब्दों को बुलडोजर के नीचे ■ शेष पृष्ठ 5 पर

### अमित शाह ने 3 नए विधेयकों को लोकसभा में किया पेश



**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आईपीसी, सीआरपीसी और इंडियन एविडेंस एक्ट की जगह लेने वाले तीन नए विधेयकों, भारतीय न्याय (द्वितीय) संहिता विधेयक-2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा (द्वितीय) संहिता विधेयक-2023 और भारतीय साक्ष्य (द्वितीय) विधेयक-2023, को मंगलवार को लोकसभा में पेश कर दिया। इससे पहले अमित शाह ने ■ शेष पृष्ठ 5 पर

विश्वव्यापी जीवन गुणवत्ता रैंकिंग में वियना शीर्ष पर

# भारत के सर्वश्रेष्ठ शहरों में हैदराबाद ने बेंगलुरु को पीछे छोड़ा

- लंदन ने 45वां स्थान हासिल किया
- भारत में पुणे 154वें स्थान पर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 2023 के लिए मर्सर की विश्वव्यापी जीवन गुणवत्ता रैंकिंग में हैदराबाद 153वें, पुणे 154वें और बेंगलुरु 156वें स्थान के साथ भारतीय शहरों में सबसे ऊंचे स्थान पर हैं, जिसमें ऑस्ट्रिया में वियना को लिस्ट में टॉप पर रखा गया है। लिस्ट में चेन्नई 161वें स्थान पर चौथा भारतीय शहर है, इसके बाद मुंबई 164वें स्थान पर है।

वहीं कोलकाता 170 और नई दिल्ली 172वें स्थान पर है। मर्सर का जीवन स्तर का डेटा दुनिया भर में असाइनमेंट स्थानों पर प्रवासी कर्मचारियों और उनके परिवारों के लिए दैनिक जीवन की व्यावहारिकताओं का आकलन करता है। वियना ने सूची में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा, जो आखिरी बार प्री-कोविड 2019 में प्रकाशित हुई थी। इसके बाद ज्यूरिक (स्विट्जरलैंड) और ऑकलैंड (न्यूजीलैंड) दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। निम्न गुणवत्ता वाले जीवन वाले स्थानों में कई अफ्रीकी शहर एन जामेना (चाड), बांगुई (मध्य अफ्रीकी गणराज्य) और खार्तूम (सूडान) शामिल हैं, जो क्रमश 236वें, 239वें और 241वें स्थान पर हैं। सना (यमन) सहित मध्य पूर्व के स्थान भी 238वें स्थान पर निचले स्थान पर हैं, जहां इसकी रैंकिंग मानवीय प्रयासों और पुनर्निर्माण पहलों पर निरंतर ध्यान देने की आवश्यकता का संकेत देती है। इसके अलावा, बगदाद (इराक) 240वें स्थान पर है, जो अपने बुनियादी ढांचे का पुनर्निर्माण करना चाहता है। टॉप 10 में 7 यूरोपीय देशों के अलावा, उच्च गुणवत्ता वाले जीवन स्तर वाले अन्य शहरों में नीदरलैंड का एम्स्टर्डम 14वें, नॉर्वे का ओस्लो 24वें, स्वीडन का स्टॉकहोम 26वें, फ्रांस का पेरिस 32वें, फ़िनलैंड का हेलसिंकी 34वें, और आयरलैंड का डबलिन 42वें स्थान पर हैं। यूके में लंदन ने 45वां स्थान हासिल किया है, उसके बाद एबरडीन 49वां, एडिनबर्ग 51वां, ग्लासगो 54वां, बर्मिंघम 60वां और बेलफास्ट ने 67वां स्थान हासिल किया है।

# पश्चिम क्षेत्रीय नेशनल लेवल महिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता का सफल समापन




**सागर, देशबन्धु।** ज्ञान सागर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स में चल रही पश्चिम क्षेत्रीय नेशनल लेवल महिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता का मंगलवार के दिन रंगारंग कार्यक्रमों के साथ समापन हुआ। विगत 5 दिनों से चल रही पश्चिम क्षेत्रीय नेशनल लेवल महिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता में पश्चिम क्षेत्र के चार राज्यों महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान एवं मप्र के 84 से ज्यादा विवि के टीमों के लगभग 1000 प्रतिभागी छात्राओं ने भाग लिया तथा इस प्रतियोगिता में 80 नॉकआउट मैंच हुए जिसमें चार टीमों डीयूएस विवि सीकर, गुजरात विद्यापीठ विवि अहमदाबाद, लक्ष्मीबाई नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजूकेशन एलएनआईपीई ग्वालियर, एसकेडीयू हनुमानगढ़, राजस्थान ने क्वालीफाई किया। इन चार टीमों के बीच अंतिम दिन 6 लीग मैंच हुए जिनके आधार पर प्रथम स्थान एसकेडी विवि राजस्थान, द्वितीय स्थान एलएनआईपीई ग्वालियर, तृतीय स्थान पीडीयूएस विवि सीकर राजस्थान ने एवं जीवी विवि अहमदाबाद, गुजरात ने चतुर्थ स्थान पर अपनी जगह बनायी। वरीयता प्राप्त इन टीमों ने इसी माह भुवनेश्वर, उड़ीसा में आयोजित होने वाले ऑल इंडिया लेवल वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए सीधे प्रवेश किया। मंगलवार के मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्ष नगरपालिका मकरोनिया मिहीलाल, प्रो. एपी मिश्रा, डीन. डॉ. हरीसिंह गौर विवि, विजय आर्य सीनियर सेल्स अधिकारी आईओसीएल सागर, चन्द्रकांत शर्मा प्राचार्य डीपीएस मकरोनिया, अंजली अरोरा कॉर्डिनेटर डीपीएस मकरोनिया, महेश राय अध्यक्ष टिम्बर एसोसिएशन मप्र रहे जिनका संस्था के डायरेक्टर इंजी. रितुल सराफ तथा संस्था के प्राचार्य डॉ. आरके जैन ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। मुख्य अतिथि ने सभी महिला खिलाड़ियों से मिलकर उन्हें बधाई दी एवं विजेता टीमों को पदक एवं ट्राफी का वितरण किया। ज्ञान सागर गुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के डायरेक्टर रितुल सराफ एवं डायरेक्टर अर्चित जैन ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर सभी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया एवं रितुल सराफने यह आश्वासन दिया कि संस्था भविष्य में भी इसी प्रकार की खेल प्रतियोगितायें निरंतर आयोजित करती रहेगी व भविष्य में ऑल इंडिया लेवल की प्रतियोगिता का आयोजन स्थल ज्ञान सागर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस सागर ही रहे इसका भरपूर प्रयास करेंगे ताकि छात्रों का रूझान खेलों के प्रति बढ़े एवं छात्रों का सर्वांगीण विकास हो, प्राचार्य डॉ. आरके जैन ने प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने में ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी एआईयू, ऑल इंडिया वॉलीबॉल एसोसिएशन, एमसीबीयू छतरपुर, सागर प्रशासन एवं सभी मीडियाकर्मी व पत्रकार बंधुओं को अमूल्य योगदान के लिए धन्यवाद देकर आभार व्यक्त किया साथ ही इस प्रतियोगिता की शुरूआत से लेकर समापन तक में अपनी भागीदारी देने वाले सभी खिलाड़ियों कोचों, आफीसिल्यस, मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, कमेटी कॉर्डीनेटरर्स, सभी फेकल्टी मेम्बर्स, स्टॉफ एवं वॉल्टीयरर्स का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में समस्त ज्ञान सागर स्टॉफ एवं छात्र-छात्राऐं उपस्थित रहे।

## नामांतरण प्रकरण निराकरण शिविर में 220 आवेदकों को स्वीकृति पत्र प्रदान किये



**सागर, देशबन्धु।** निगम सभाकक्ष में आयोजित नामांतरण प्रकरण निराकरण शिविर में महापौर संगीता तिवारी, निगमायुक्त चंद्रशेखर शुक्ला, निगम राजस्व सभापति विनोद तिवारी, एमआईसी सदस्य धर्मेंद्र खटीक ने 220 नामांतरण प्रकरण निराकरण के स्वीकृति पत्र आवेदकों को वितरित किए गए। इस अवसर पर उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए महापौर संगीता तिवारी ने कहा कि नगर निगम द्वारा लंबित नामांतरण प्रकरणों के निराकरण की यह अभिनव पहल है जिससे अब नागरिकों को प्रकरण निराकरण के स्वीकृति पत्र लेने के लिए परेशान नहीं होना पड़ता और निर्धारित समय सीमा के पश्चात प्रकरणों का निराकरण कर सामूहिक रूप से स्वीकृति पत्र वितरित किये जाते हैं। निगमायुक्त ने कहा कि नामांतरण प्रकरण निराकरण की समय सीमा 45 दिन होती है लेकिन दस्तावेज पूर्ण न होने के कारण प्रकरण लंबित रहते थे, परंतु नई परिषद आने के बाद महापौर, अध्यक्ष और परिषद के सदस्यों की मंशानुसार लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण कर स्वीकृति पत्र वितरित करने की पहल शुरू कि गई और जो दस्तावेजों की कमी के कारण लंबित थे उन आवेदकों से आवश्यक दस्तावेज बुलाकर दस्तावेज की कमी को पूर्ण कराकर सितंबर 2022 को पहला नामांतरण प्रकरण निराकरण शिविर लगाकर आवेदकों को स्वीकृति पत्र वितरित किए गए, उसी श्रृंखला में आयोजित इस शिविर में 220 नामांतरण प्रकरणों का निराकरण कर संबंधित आवेदकों को स्वीकृति पत्र प्रदान किये जा रहे हैं। इस अवसर पर सहा. आयुक्त राजेश सिंह राजपूत, राजस्व अधिकारी बृजेश तिवारी सहित अन्य नागरिक उपस्थित थे।

## परिणामो के अनुसार ही पुण्य का संचय होता है: मुनिश्री



**सागर, देशबन्धु।** भगवान के अभिषेक के जल से मंत्रित भावनाओं से भावित गंदोधक के स्पर्श मात्र से ही शारीरिक एवं मानसिक रोग क्षण भर में ही समाप्त हो जाते हैं यह बात मुनि श्री सुदत्तसागर ने श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर बडकुल जी विजय टॉकीज चौराहा में धर्म सभा को संबोधित करते हुए कही, मुनि श्री ने कहा केले एवं प्याज को जितना छीलते जाओगे, सार नहीं। वैसे ही पदार्थ में कुछ सार नहीं, क्षणिक सुख है। सारी गड़बड़ी हमारे मस्तिष्क से प्रारंभ होती है इसलिए भगवान का मस्तकाभिषेक करके अपने मन मस्तिष्क को पवित्र करें, सोचे जैसे भगवान का हम अभिषेक कर रहे हैं वैसे ही हमारे भीतर भी विशुद्धि हो रही है। क्षुल्लक श्री चंद्रदत्त सागर ने कहा सुई बनो कैंची नहीं, सुई जोड़ती है कैंची काटती है। दर्जी सुई को टोपी में और कैंची को जमीन में रखता है। मन में बहुमान एवं विशुद्धि के साथ विधान आदि धार्मिक कार्य करना चाहिए। लालच तथा हीन परिणाम के साथ नहीं करना चाहिए। परिणामो के अनुसार ही पुण्य का संचय होता है।

## 67 वीं राज्यस्तरीय शालेय प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाये हुनर



**सागर, देशबन्धु।** 67 वीं राज्यस्तरीय शालेय एथलेटिक्स बालक/ बालिका 17-19 वर्ष एवं कूडो बालक-बालिका 14, 17, 19 वर्ष की प्रतियोगिता में मंगलवार को खेले गये खेल में 100 मीटर बालिका वर्ग 19 वर्ष में प्रथम हीरल जोहरी भोपाल संभाग, द्वितीय वर्षा पाठक, तृतीय स्थान आस्था जैन जबलपुर संभाग। 100 मीटर बालिका वर्ग 17 वर्ष मे प्रथम मानसी भोपाल संभाग, द्वितीय अनन्या स्वामी नर्मदापुरम संभाग, तृतीय स्थान कीर्ति उज्जैन संभाग। शार्टपुट बालिका 19 वर्ष में प्रथम गरिमा राठौर भोपाल संभाग, द्वितीय महिमा इंदौर संभाग, तृतीय अदिति राजपूत, भोपाल संभाग शार्टपुट बालिका 17 वर्ष प्रथम श्रेया थापा जबलपुर संभाग, द्वितीय महिका जेठार जबलपुर संभाग तृतीय राधा इंदौर संभाग 100 मीटर बालक वर्ग 19 वर्ष प्रथम आदर्श भारती नर्मदापुरम संभाग, द्वितीय जगरत परमार उज्जैन संभाग, तृतीय नीतेश यादव भोपाल संभाग। 100 मीटर बालक वर्ग 17 वर्ष में प्रथम रविन्द्र जबलपुर संभाग, द्वितीय रूद्र उज्जैन संभाग, तृतीय स्थान मोहित भोपाल संभाग। हाईजम्प 19 वर्ष बालिका वर्ग में प्रथम अभिका ठाकुर सागर संभाग, द्वितीय संजना जनजातीय विभाग तृतीय स्थान स्वाति यादव नर्मदापुरम संभाग। हाईजम्प 17 वर्ष बालिका वर्ग में प्रथम प्रियंका जनजातीय विभाग, द्वितीय मुस्कान यादव भोपाल तृतीय स्थान भक्ति तिवारी सागर संभाग। आफीशियल कोच हेमन्त वर्मा इंदौर संभाग, आनंद तिवारी नर्मदापुरम, दीपक गोस्वामी जनजातीय, कैलास चकौले जबलपुर, गोपाल कुश्वाहा भोपाल, जीआर काकसे बैतुल, मंगलसिंह यादव, रविन्द्र खाटोल, राबर्ट मार्टिन, प्रतियोगिता के दौरान खेल परिसर मैदान में उपस्थित रहे।

## पंचायत उप निर्वाचन 2023 उत्तरार्ध की आदर्श आचरण संहिता लागू

**सागर, देशबन्धु।** पंचायत उप निर्वाचन 2023 उत्तरार्ध की आदर्श आचरण संहिता लागू की गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य ने बताया कि पंचायत उप निर्वाचन उत्तरार्ध के निर्वाचन 5 जनवरी को की जाना है। मप्र राज्य निर्वाचन आयोग के द्वारा आदर्श आचरण संहिता लागू की गई है जो कि 11 जनवरी 2024 तक प्रवाभशील रहेगी

## रेल्वे क्रसिंग गेट 26 बंद रहेगा

**सागर, देशबन्धु।** रेल्वे गेट नम्बर 26 जो कि सागर मकरोनिया के मध्य में स्थित है, यहां पर बीसीएम मैचिंन का कार्य किया जाना था। यह रेल्वे गेट 14 तक दिसम्बर 2023 तक दिन रात के लिये सड़क यातायात के लिये बंद किया गया है। अब यह गेट 17 दिसम्बर तक दिन रात के लिये बंद रहेगा।

## सीखने की प्रक्रिया और जीने की कला सिखाती है लाइफ लॉग लर्निंग एजुकेशन: दिवाकर सिंह राजपूत




**सागर, देशबन्धु।** शिक्षा और संस्कृति के साथ हमेशा कुछ नया सीखना है कुछ नया करना है, इसके लिए औपचारिक एवं अनौपचारिक रूप से शिक्षा व्यवस्था हमारे सामाजिक परिवेश के अनुरूप होनी चाहिए। परंपरागत ज्ञान और परस्पर सीख की तकनीकों से सामाजिक विकास की गति को तेज करने की कोशिश है लाइफ लॉग लर्निंग। आधुनिक शिक्षा व्यवस्था में इसके स्वरूप को और समृद्ध करने की जरूरत है। ये विचार प्रो. दिवाकर सिंह राजपूत ने एक अन्तर्राष्ट्रीय अधिवेशन में क्षत्रपति साहू महाराज विश्वविद्यालय कानपुर में आयोजित एक अन्तर्राष्ट्रीय अधिवेशन के उद्घाटन समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में उद्बोधन देते हुए कहे, प्रो. राजपूत ने कहा कि भारतीय संस्कृति शिक्षा से ज्ञान और प्रज्ञा की अकादमिक यात्रा की साधना को स्थान देती है। हमको हर वर्ग और हर एक आयु वर्ग के व्यक्ति के लिए सीखने के नए व पुराने आयामों को समृद्ध बनाना है। पुलिस, सेना, कृषक, मजदूर, उद्योग, जेल आदि में शिक्षा के नये आयाम पर काम करने की जरूरत है। अधिवेशन में प्रो. सीमस आयरलैंड, प्रो. सुधांशु कानपुर, प्रो. संदीप सिंह कानपुर ने भी संबोधित किया।

## जनसुनवाई में 51 आवेदनों का निराकरण




**सागर, देशबन्धु।** कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में सिटी मजिस्ट्रेट शैलेंद्र सिंह ने आम लोगों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित विभाग के अधिकारियों को तत्परता से निराकरण के निर्देश दिए। जिले के 51 आवेदकों के प्रकरणों में सुनवाई कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की गई।

## बालिका को टक्कर मारने वाले आटो ड्राइवर को सजा

**सागर, देशबन्धु।** तेज रफ्तार और लापरवाही पूर्वक ऑटो चलाकर बालिका को टक्कर मारने वाले आरोपी जब्बार मंसूरी को अदालत ने 6 माह के सश्रम कारावास और एक हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी आशीष शर्मा की कोर्ट में प्रकरण की सुनवाई हुई। मामले की पैरवी सहायक जिला अभियोजन अधिकारी अमित जैन ने की।अभियोजन के मीडिया प्रभारी ने बताया कि फरियादिया सब्जी बेचने का काम करती है। 3 नवंबर 2015 की शाम करीब 4.30 बजे अपनी बेटी को लेकर बाजार जूती बदलने जा रही थी। तभी हिना ऑटो पार्ट्स की दुकान के पास मेन रोड पर तेज रफ्तार आटो ने टक्कर मार दी। टक्कर में बालिका के पेट में चोट आई। तत्काल उसे घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के लिए नागपुर भेजा गया। जहां पेट का आपरेशन किया गया। मामले में शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया। जांच पूरी होने पर चालान कोर्ट में पेश किया। सुनवाई के दौरान अभियोजन ने मामले से जुड़े साक्ष्य और दस्तावेज कोर्ट में पेश किए। साक्षियों की गवाही कराई। सुनवाई के दौरान न्यायालय ने साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को सजा सुनाई है।

## चोरों ने सूने घर से चुराये लाखों के जेवरात और नगदी



**खुरई, देशबन्धु।** सरयू नगर के एक सूने घर में सोमवार रात चोरों ने जेवरात और नगदी पर हाथ साफ कर दिया। घर में रहने वाले दंपती अपने बेटे से मिलने के लिए कोटा राजस्थान गए हुए थे। जब रात को घर पहुंचे तो उन्हे चोरी का पता चला। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस जांच के लिए मौके पर पहुंची। खुरई शहरी थाना क्षेत्र के चंदेल वार्ड के सरजू नगर में रहने वाले भगवान सिंह पिता ज्वाला प्रसाद सिंह ठाकुर 52 ने बताया कि शनिवार रात वह अपनी पत्नी के साथ कोटा गए हुए थे। वहां उनका बेटा प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा है। वहां पहुंचने के बाद जानकारी मिली कि घर में चोरी हो गई है। इसके बाद वहां से लौटे तो पूरे घर का सामान बिखरा पड़ा हुआ था। चोरों ने घर अलग-अलग जगहों के पांच ताले तोड़े। घर की किचन में चोरों ने शराब भी पी। किचन में मिर्च पाउडर भी बिखरा पड़ा हुआ था। चोरों ने घर से 4 तोला सोना कीमत करीब 2 लाख 24 हजार रूपए, एक पाव चांदी कीमत 15 हजार रूपए और 50 हजार रुपए नगदी चोरी कर ली। इसके बाद उन्होंने पुलिस को जानकारी दी। सूचना मिलते ही शहरी थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। घटना स्थल से 200 मीटर की दूरी पर निर्माणाधीन मकान में चौकीदारी करने वाले हरिओम सिंह दांगी ने बताया कि रात में चोरी करने के लिए पांच लोग आए थे। इसकी जानकारी उसने अपने परिचितों को दी थी। उन्होंने पुलिस को भी सूचना दी थी। सामने से दो लोग निकल रहे थे तो पूछने पर उन्होंने बताया था कि वह घर जा रहे हैं। जब तक पुलिस और अन्य लोग आये तब तक चोरों ने घटना को अंजाम दे दिया।



**सागर, देशबन्धु।** मंगलवार को नैनागिर बमोरी में जनसंत उपाध्याय श्री विरंजन सागर के अवतरण दिवस समारोह में बमोरी पहुंचकर मुनिश्री से आशीर्वाद लिया एवं कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर सुनील जैन पूर्व विधायक, आशीष जैन मोनू, वसीम खान, पराग जैन, मुकेश जैन, भागचंद शास्त्री एवं बंडा शाहगड बड़ा मलहरा सागर के सैकड़ो लोग मौजूद थे।

## डॉ. राहुल स्वर्णकार सम्मानित हुए काका साहेब कालेलकर राष्ट्रीय प्रोत्साहन सम्मान 2023 से



**सागर, देशबन्धु।** संगीत विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. राहुल स्वर्णकार को संगीत में तबला वादन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान उनकी उपलब्धियों के लिए इस वर्ष के सन्निधि राष्ट्रीय अलंकरण समारोह 9 दिसंबर को गांधी हिंदुस्तानी साहित्य सभा नई दिल्ली, तथा विष्णु प्रभाकर प्रतिष्ठान नोएडा द्वारा भारत के विभिन्न क्षेत्रों कला, पत्रकारिता, साहित्य, शिक्षा, समाज सेवा, भाषा आदि से पधारे विद्वानों में संगीत तबला वादन के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार एवं आयोजक पं. अतुल कुमार प्रभाकर, विदुषी कुसुम शाह, नंदन शर्मा, प्रसून लतांत, केदारनाथ शब्द मसीहा डॉ. देवेंद्र वर्मा ब्रजरंग महानिदेशक राष्ट्रीय संगीतज्ञ परिवार, सुसमय मिश्रा सहित भारत तथा श्रीलंका के कई विद्वान उपस्थित रहे। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता, डीन एवं विभागाध्यक्ष डॉ. ललित मोहन, डॉ. अवधेश तोमर सहित शहर के समस्त संगीत सुधी जनों ने शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

# केंद्रीय विद्यालय के छात्रों को एनडीआरएफ ने दिया आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण

**सागर, देशबन्धु।** 11 वहिनीं राष्ट्रीय आपदा मोचन बल वाराणसी से सागर जिले में स्थित विभिन्न इकाइयों का आपदा निरीक्षण करने के लिए सात दिवसीय कार्यक्रम के तहत तहत टीम सागर जिले के विभिन्न तहसीलों में जाकर तहसीलों में स्थित इकाइयों का निरीक्षण कर आपदा संबंधित उनकी तैयारी का निरीक्षण करना एवं उनके साथ मीटिंग करना ताकि भविष्य में होने वाले किसी प्रकार के आपदा से मिलजुल कर निपटा जा सके इसके साथ ही सभी तहसीलों में स्थित स्कूल कॉलेजों के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय आपदा मोचन के संबंध में प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है।

उसी कड़ी में मंगलवार को केंद्रीय विद्यालय क्र. 3 में 11 बटालियन एनडीआरफ वाराणसी के उप महानिरीक्षक मनोज कुमार शर्मा के दिशा निर्देशन में एवं इंस्पेक्टर जीडी बृजेश कुमार तिवारी के नेतृत्व में एनडीआरएफटीम द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें एनडीआरएफ की प्रशिक्षित एवं अनुभवी टीम द्वारा भूकंप में बचाव के तरीके, सीपीआर, गले में फंसी बाहरी वस्तु के निकालने के तरीके, शारीरिक चोटों का



अस्पताल पूर्व उपचार, तात्कालिक स्ट्रेचर बनाना, लिफ्टिंग और मूविंग के तरीके, अग्निशमन और आग से बचाव की तकनीक, रस्सी बचाव तकनीक, अग्निशामक यंत्र का उपयोग, इम्प्रोवाइज्ड फ्लोटिंग डिवाइस राफ्ट बनाना, सड़क सुरक्षा आदि विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और स्कूल के अन्य कर्मचारियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया और इससे लाभान्वित हुए इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य धर्मेंद्र भारद्वाज ने एनडीआरएफ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि एनडीआरएफ द्वारा आयोजित जागरूकता कार्यक्रम बहुत प्रशंसनीय और शिक्षाप्रद है और आपदा प्रबंधन में सक्षम बनाने का सफल प्रयास है। इस कार्यक्रम से शिक्षण संस्थान के सभी छात्र-छात्राएं, अध्यापक व स्कूल के अन्य कर्मचारी भी लाभान्वित होंगे और आपदा के समय अपने और अन्य लोगों के जीवन को बचाने में अपना सहयोग प्रदान कर पायेंगे।

## 41 पशुओं को पकड़कर शहर से बाहर शिफ्ट किया

**सागर, देशबन्धु।** मंगलवार को की गई कार्यवाही के तहत विभिन्न स्थानों से डेयरी के 41 पशुओं को पकड़कर शहर से बाहर शिफ्ट किया गया। डालचंद घोषी के 11 जानवर, आमेट, चंद्रेश ठाकुर के 7 जानवर, गडेलू धामोनी एवं सुनील यादव के 3 जानवरों को डेयरी विस्थापन स्थल रतौना शिफ्ट किया।

शास्त्री वार्ड स्थित लोकमन ठाकुर के 12 पशुओं को डेयरी विस्थापन स्थल रतौना एवं संत रविदास वार्ड से सौरभ जैन के 8 पशु नगर निगम के वाहन द्वारा भैंसा शिफ्ट किये गये। निगमायुक्त चंद्रशेखर शुक्ला ने कहा कि जिन डेयरी संचालकों को डेयरी विस्थापन स्थल रतौना में प्लाट आवंटित किये गये है और उन्होंने अभी तक अपना निर्माण कार्य पूर्ण नहीं किया है ऐसे डेयरी संचालकों को सूचना दी जाये कि वे अपना निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कर अपनी डेयरियों को शिफ्ट कर लेंवें तथा नगर की स्वच्छता एवं विकास में सहभागी बनकर सहयोग प्रदान करें। डेयरी विस्थापन कार्य के साथ ही मुख्य मार्गो पर विचरण करने वाले आवारा पशुओं को भी पकड़ने की कार्यवाही में तेजी लायें। कार्रवाई के दौरान दल प्रभारी शिवनारायण रैकवार, राजू रैकवार, उमेश चौरसिया एवं दल के कर्मचारी उपस्थित थे।

आवश्यकता है

ऑनलाईन एवं आफिस वर्क हेतु शिक्षित एवं अनुभवी लड़के-लड़कियों की आवश्यकता है, शिक्षित एवं कम्प्यूटर दक्षता वाले व्यक्ति ही संपर्क करें।

योग्यता:-
1. कम्प्यूटर दक्षता प्राप्त हो
2. हिन्दी/ अंग्रेजी टाईपिंग
3. PF, ESIC, TALLY, GST, TDS, INCOME TAX RETURN एवं अकाउंटिंग का कार्य में दक्ष हो।

गुप्ता लॉ चैम्बर्स
287-डी, मैन रोड, मनोरमा कॉलोनी
सागर म.प्र.- 470002
मो. नं.- 9893450033

# सार समाचार

## निर्धारित समय पर पूर्व की तरह होगा आयोजन

**नौगाँव, देशबंधु।** नगरपालिका के मीटिंग हाल में मेला वीक क्रिकेट टूर्नामेंट को लेकर बैठक का आयोजन किया गया जिसमें समस्त खेल प्रेमियों को बुलाया गया और उनके सुझाव मांगे गए जिससे टूर्नामेंट को और अच्छे तरीके से आयोजित किया जा सके इस विचार किया गया और सभी ने एक मत होकर खिलाड़ियों को रुकने के लिए होटल में ब्यवस्था की जाएगी और खाने का इंतजाम व्यवस्थित तरीके से किया जाएगा खाना स्टेडियम में होता था जिसमे खिलाड़ियों से ज्यादा व्यवस्थापक मजा लेते थे इस ओर सुधार करने पर सहमति बनाई गई वही खेल सपने निर्धारित समय से शुरू हो इसके लिए 13,14 दिसम्बर में इंट्री फीस जमा होगी और 16 दिसम्बर से लोकल टूर्नामेंट प्रारम्भ हो जायेगे जो 30 दिसम्बर तक चलेंगे लोकल फाइनल के बाद 2 जनवरी से अंतर्राज्यीय टूर्नामेंट शुरू होगा जिसमें विभिन्न शहरों प्रदेशो की टीमें भाग लेंगी 13 जनवरी को फाइनल होगा और समापन समारोह होगा बैठक में पूर्व मंत्री मानवेन्द्र सिंह ,अध्यक्ष अनूप तिवारी ,उपाध्यक्ष अजय दौलत तिवारी सहित सभी पार्षद और नगर के किक्रेट प्रेमी उपस्थित रहे ।

## नगर पालिका ने 26 लाख 60 हजार रूपये टैक्स वसूला

छतरपुर, देशबन्धु। यहां आयोजित लोक अदालत में नगर पालिका के द्वारा पुराने बकायादारों को छूट का लाभ देकर 26 लाख 60 हजार रूपये का टैक्स वसूला गया है। सीएमओ माधुरी शर्मा ने बताया कि जलकर के 28 प्रकरण और संपत्ति कर के 98 प्रकरण लोक अदालत में निपटाये गये हैं। इसके साथ राजस्व और जलकर से संबंधित अन्य समस्याओं का समाधान भी मौके पर ही किया गया है। उन्होंने बताया कि संपत्ति कर में 24 लाख 60 हजार रूपये, जलकर में 2 लाख रूपये का टैक्स वसूला गया है।

### महाराजा छत्रसाल भारतीय पराक्रम भाषणमाला में हुआ प्रेरक उद्घाटन व्याख्यान

# लीडर में सही निर्णय, साहस, आत्मविश्वस होना जरूरी : वाइस एडमिरल

**छतरपुर, देशबन्धु।** महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में महाराजा छत्रसाल भारतीय पराक्रम भाषणमाला के तहत वाइस एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी एवीएसएम, एनएम,फ्लैग आफिसर, कमांडिंग इन चीफ, पश्चिमी नौसेना ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रेरक उद्घाटन व्याख्यान दिया।




इसके पूर्व गौरैया स्थित यूनिवर्सिटी के नए परिसर में वाइस एडमिरल श्री त्रिपाठी ने ऋषि मार्कण्डेय आयुर्वेदिक वन का उद्घाटन एक गरिमापूर्ण समारोह में किया। इन दोनों गरिमामयी कार्यक्रमों की अध्यक्षता कुलपति प्रो. शुभा तिवारी ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में रियर एडमिरल अनिल जग्गी, प्रति कुलपति प्रो डीपी शुक्ला एवं कुलसचिव यशवंत सिंह पटेल उपस्थित थे।

मीडिया सेल के संयोजक डा एसपी जैन ने बताया कि वाइस एडमिरल श्री दिनेश त्रिपाठी ने नेतृत्व कौशल एक भारतीय संदर्भ विषय पर प्रभावी व्याख्यान दिया। श्री त्रिपाठी ने भारतीय परिप्रेक्ष्य में लीडरशिप को परिभाषित करते हुए बताया कि यह इंसान के भावनात्मक एवं व्यावहारिक पहलू से सबंधित होता है। इसके अंतर्गत लीडर का कैरेक्टर, उसके द्वारा जिम्मेदारी का स्वीकार किया जाना एवं उसे बखूबी निभाया जाना शामिल होता है। लीडरशिप इंसान के अंदर मौजूद उस गुण का नाम है जिसके बल पर लीडर अपने आस पास के लोगों को उस कामयाबी तक ले जाने की क्षमता रखता है जिस पर लोगों को खुद ही यकीन करना मुश्किल होता है। एक सफल लीडर के पास उसके क्षेत्र से जुड़ा हुआ प्रोफेशनल ज्ञान का होना बहुत जरूरी होता है, क्योंकि इसी की वजह से लोग आपके ऊपर विश्वास कर पाते हैं।

उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि एक लीडर के पास विवेकपूर्ण व सही निर्णय लेने की क्षमता, डर से जीत कर आगे जाने का साहस, आत्मविश्वास, रिस्क लेने के लिए खुद पर भरोसा होना चाहिए, तभी कोई इंसान एक सफल लीडर बन सकता है। उन्होंने रामायण, महाभारत से तमाम सफल लीडर्स, शिवाजी महाराज एवं छत्रसाल महाराज का उद्धरण देते हुए बताया कि कैसे एक सफल लीडर को निडर होते हुए, सभी का विश्वास जीतते हुए आगे बढ़ना होता है। अंत में उन्होंने कहा कि आपके माता पिता की सामाजिक एवं आर्थिक पृष्ठभूमि आपकी शुरुआत बताती है। यह कभी भी आपकी मंजिल की सीमा तय नहीं कर सकती। श्री त्रिपाठी ने अपने प्रेरक भाषण के उपरांत छात्र छात्राओं के प्रश्नों तथा जिज्ञासाओं का सटीक समाधान किया।

इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के भावपूर्ण अर्चन वंदन तथा अतिथियों के स्वागत से हुआ। संगीत विभाग की छात्राओं ने सरस्वती वंदना और विश्वविद्यालय कुलगान प्रस्तुत किया। वाइस एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी का कुलपति प्रो शुभा तिवारी एवं सभी विशिष्ट अतिथियों ने शाल श्रीफल एवं मोमेंटो भेंट कर सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन कर रहीं डा दुर्गावती सिंह ने मुख्य अतिथि श्री त्रिपाठी का परिचय प्रस्तुत किया।

## महाराजा छत्रसाल पर हमें गर्व है

महाराजा छत्रसाल के पराक्रम, नेतृत्व क्षमता, युद्ध कौशल, रणनीति को रेखांकित करते हुए कहा कि महाराज छत्रसाल के नाम पर हम सभी को गर्व होता है। हमें मानसिक रूप से अपने देश एवं समाज के प्रति सकारात्मक भाव रखना चाहिए। हमारी वेशभूषा, खान-पान एवं विविध संस्कृति हमें अद्वितीय बनाती है जो हमारे लिए यह गर्व का विषय है। उन्होंने कहा हम चेहरे का साफ रंग देख कर रंग को पूरे व्यक्तित्व से जोड़ देते है। आप मानसिक रूप से सशक्त हों, सुदृढ़ रहें और आगे बढ़ें।आपने प्रधानमंत्री जी की नई शिक्षा नीति को मिशन के रूप में लेकर चलने की बात कही तथा विद्यार्थियों को शुभाशीष दिया।

## सहभागियों ने आयोजन को सराहा

इस खास अवसर पर सभी संकायों के विद्यार्थियों एवं पीएचडी छात्रों ने बड़ी संख्या में जगदीश चंद्र बोस हाल में उपस्थित रह कर श्री त्रिपाठी का व्याख्यान रुचिपूर्वक सुना ।इस व्याख्यान का प्रसारण सरस्वती हाल में बैठे विद्यार्थियों के लिए भी किया गया। कार्यक्रम के अंत में रजिस्ट्रार यशवंत सिंह पटेल ने सभी का आभार ज्ञापित किया ।इस अवसर पर चित्रकला विभाग द्वारा बनाए गए श्री त्रिपाठी के आकर्षक पोट्रेट उन्हें भेंट किए गए। पोट्रेट की अतिथियों सहित सभी ने सराहना की।

## अतिथियों ने परिसर में रोपे कई पौधे

यूनिवर्सिटी के गौरैया स्थित नए परिसर में सोमवार को ही दोपहर में ऋषि मार्कण्डेय आयुर्वेदिक वन (फेज-1) का उद्घाटन वाइस एडमिरल श्री दिनेश कुमार त्रिपाठी के मुख्य आतिथ्य एवं विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो.शुभा तिवारी की अध्यक्षता में समारोहपूर्वक हुआ ।इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री त्रिपाठी, विशिष्ट अतिथि अनिल जग्गी, नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चौरसिया, प्रति कुलपति प्रो डीपी शुक्ला, रजिस्ट्रार यशवंत सिंह पटेल सहित उपस्थित प्राध्यापकों ने वृक्षारोपण किया। यहां बता दें कि यूनिवर्सिटी ने कई महीनों के अथक प्रयास से 15 एकड़ भूमि में देशी जड़ी बूटियों आदि के वृक्ष लगाने का कार्य किया है, जो भविष्य में पर्यावरण संरक्षण वाले सघन वन का रूप ले लेंगे ।इस वृहद वृक्षारोपण के पुनीत कार्य में श्रमदान करने का वाले नेवी के 10 सैनिकों तथा 2 अधिकारियों का शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह से सम्मान किया गया।

# सर्दी तेज होने से बढ़ने लगे मौसमी बीमारियों के मरीज

**छतरपुर, देशबन्धु।** इन दिनों सर्दी तेज होते ही मौसमी वायरल बीमारी के मरीज बढने् भी तेजी से बढ़ने लगे हैं। जिला अस्पताल में अवकाश के दिनों में बड़ी संख्या में सर्दी, जुखाम, बुखार के मरीज अस्पताल पहुंच रहे हैं।

जानकारी के अनुसार जिला अस्पताल आने वाले ज्यादातर मरीजों को सर्दी-खांसी और शरीर में टूटन जैसे लक्षण मिल रहे हैं। डॉक्टर का कहना है कि फ्लू वाले लक्षणों के चलते मरीजों को डरने की जरूरत नहीं है। वायरल फीवर में सर्दी-खांसी के साथ शरीर में टूटन, दर्द जैसे लक्षण होते हैं। वायरल होने पर दवा के साथ तीन दिन में लक्षण कम होने लगते हैं। अगर हाईग्रेड बुखार के साथ खांसी-सर्दी है और दवा लेने पर भी बुखार नहीं उतर रहा है, तो टेस्ट कराने की जरूरत है।

मेडिसिन एक्सपर्ट डॉ. मनोज कुशवाहा ने बताया कि दिन और रात के तापमान में अंतर के कारण फिलहाल सीजनल वायरल के मरीजों की संख्या बढ़ी है। इन मरीजों को खांसी-सर्दी और बदन दर्ज जैसे लक्षण देखने को मिल रहे हैं। डॉक्टर की सलाह पर दवाएं लेने से सीजनल बीमारी वाले मरीजों को तीन दिन में आराम मिल जाता है। यदि किसी मरीज को हाईग्रेड फीवर यानि तेज बुखार आ रहा है तो टेस्ट कराना जरूरी है। वहीं, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. सुदीप जैन का कहना है कि सीजनल वायरल से घबराने की जरूरत नहीं है। वर्तमान में बच्चों व बुजुर्गो पर मौसम परिवर्तन का असर देखने में मिल रहा है, जिसके चलते सर्दी-खांसी के मरीज बढ़े हैं।

## शुरू में ठंड से बचाव जरूरी

डॉ. सुनील अग्रवाल ने बताया कि वायरल के मरीजों को तेज बुखार नहीं आता है, शरीर में दर्द रहता है। सर्दी-खांसी की समस्या में दवा लेने के साथ ही तीन दिन में आराम मिल जाता है। मरीजों को ठंड़ा खाना और पानी इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। डॉ. अग्रवाल का कहना है कि मौसम में परिवर्तन के कारण वायरल का सीजन चल रहा है। वायरल से बचने के लिए मुंह को ढंककर रखें, खासतौर पर भीड़ भाड़ वाली जगह पर जाते समय ये सावधानी रखे। हो सके तो मास्क का प्रयोग करें। खांसते और छींकते समय रूमाल से मुंह और नाक को ढकें। गंदगी से बचे और घर व आसपास सफाई रखें। खानपान का विशेष ध्यान रखे, जहां तक हो सके इस मौसम में बाहर का खाना या बासी खाना न खाएं।

## वायरल से घबराएं नहीं दवा कराएं

डॉ सुनील अग्रवाल का कहना है कि वायरल बुखार इन्फ्लूएन्जा या पैरा-इन्फ्लूएन्जा वायरस के कारण होता है। यह वायरस सांस के द्वारा शरीर में प्रवेश करता है और हमारी श्वसन प्रणाली के प्राथमिक अंगों जैसे नाक, गला पर हमला करता है जिस कारण गले में खराश, जुकाम आदि होते हैं। हमारे शरीर की प्रतिरोधक शक्ति उस वायरस को नष्ट करने की कोशिश करती है जिस कारण हमारे शरीर का तापमान बढ़ता है। इसे ही वायरल बुखार कहा जाता है। वायरल होने से शरीर में कुछ खास लक्षण दिखते हैं, जैसे गले में दर्द, खांसी, सिर दर्द, थकान, जोड़ों में दर्द के साथ ही उल्टी और दस्त होना, आंखों का लाल होना और माथे का बहुत तेज गर्म होना आदि वायरल बुखार के लक्षण हैं। इससे दरें नहीं समय से इलाज करके दवा जरूर लें।

# गुटखा खाकर जनसुनवाई में पहुंचे बैंक मैनेजर पर 5 सौ का जुर्माना

**छतरपुर, देशबन्धु।** मंगलवार को जिला स्तरीय जनसुनवाई में उस समय अजीब नजारा देखने को मिला जब एक बैंक मैनेजर गुटखा खाकर जनसुनवाई कक्ष में पहुंचे, जिन्हें अपर कलेक्टर ने जमकर फटकार लगाई और उनसे पांच सौ रूपये का जुर्माना भी वसूला।

जानकारी के अनुसार मंगलवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में जिला स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की गई। जिसमें केन्द्रीय जिला सहकारी बैंक के मैनेजर जगन्नाथ राजपूत गुटखा खाकर जा पहुंचे। जैसे ही इसकी जानकारी एडीएम नम:शिवाय अरजरिया को लगी तो उन्होंने श्री राजपूत की जमकर फटकार लगाई। साथ ही उन पर 500 रूपये का जुर्माना भी लगा दिया। इसी तरह जिला योजना एवं सांख्यिकी विभाग के रोहित शुक्ला और भूअभिलेख विभाग के कर्मचारी रामफूल आदिवासी भी जिला स्तरीय जनसुनवाई में गुटखा खाकर पहुंचे थे। जब रोहित शुक्ला से पूंछा गया तो वे गुटखा थूककर कक्ष में आने की दुहाई देते नजर आये जिससे उन्हें साहब ने माफ कर दिया। भूअभिलेख विभाग के कर्मचारी रामफूल आदिवासी से जनसुनवाई में गुटखा खाकर आने पर 200 रूपये का जुर्माना वसूला गया है। ये जनसुनवाई में इस तरह की पहली कार्यवाही है। इसे देखकर जनसुनवाई में मौजूद अन्य ऐसे कर्मचारी जो अपनी जेब में गुटखा डालकर आये थे वे भी चुपचाप बैठे रहे और जेब से गुटखा निकालकर खाने का साहस नहीं कर पाये।

# छतरपुर से विजयी ललिता यादव 10 जिलों में ओबीसी की सशक्त महिला विधायक



**छतरपुर, देशबन्धु।** नई विधानसभा की पूरी तस्वीर अब साफ हो गई है। इस बार छतरपुर जिले के आसपास के 10 जिलों में ओबीसी वर्ग की सबसे सशक्त विधायक के रूप में छतरपुर विधायक ललिता यादव का नाम सबसे आगे है। अंचल के लोगों को उम्मीद है कि इस बार उन्हें कैबिनेट मंत्री पद से जरूर नवाजा जायेगा।

छतरपुर के आसपास के जिलों में टीकमगढ, पन्ना, टीकमगढ, निवाडी, सागर, दमोह, दतिया, सतना, रीवा, कटनी, जबलपुर, अशोकनगर और विदिशा जिलों में से छतरपुर ही एकमात्र ऐसा जिला है जहां से ओबीसी वर्ग की ललिता यादव छतरपुर विधानसभा सीट से विधायक चुनी गई हैं। इस नाते इस बार मंत्रीमंडल के गठन में वे मंत्री पद की प्रबल दावेदारों में सबसे आगे हैं। छतरपुर जिले के लोगों को भी उम्मीद है कि पूर्व मंत्री रह चुकी ललिता यादव को मंत्री पद मिलने से छतरपुर सहित आसपास के सभी जिलों में विकास को गति मिलेगी। साथ ही पूरे अंचल की समस्याओं को विधानसभा में उठाकर अंचल की समस्याओं को प्राथमिकताओं को पूरा करने में अहम भूमिका निभा सकेंगीं। यहां बता दें कि पूर्व में ललिता यादव मंत्री पद का निर्वहन कर चुकी हैं और वर्तमान में भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष भी हैं। तीसरी बार विधायक बनीं ललिता यादव अनुभवी भाजपा नेत्री तो हैं ही साथ ही 10 जिलों की एकमात्र ओबीसी विधायक होने के नाते मंत्री पद के लिये उनकी दावेदारी प्रबल है।

## तीसरी बार चुनी गईं विधायक

यहां बता दें कि इस बार के चुनाव में भाजपा की ललिता यादव ने कांग्रेस उम्मीदवार आलोक चतुर्वेदी को 6967 मतों से पराजित किया है। ललिता यादव को 77687 मत मिले हैं जबकि आलोक चतुर्वेदी केवल 70720 मत ही मिल सके हैं। इस तरह से वे छतरपुर विधानसभा सीट से तीसरी बार चुनाव जीतकर विधायक बनीं हैं। इसके पूर्व 2008 के चुनाव में भी भाजपा के टिकट पर ललिता यादव को 30446 मत मिले थे उन्होंने अपने निकटतम उम्मीदवार बसपा के डीलमणि सिंह बुंदेला को 7855 मतों से हराया था। डीलमणि सिंह को केवल 22591 मत मिले थे। इसके बाद 2013 के चुनाव में ललिता यादव को दोबारा टिकट मिला और उन्होंने कांग्रेस के आलोक चतुर्वेदी को 2217 मतों से पराजित किया था। तब ललिता यादव को 44623 और आलोक चतुर्वेदी को 42406 मत मिले थे। इस तरह से यदि आकडों को देखें तो ललिता यादव की ये तीसरी जीत है।

# 68 वां मेला वीक और क्रिकेट टूर्नामेंट को लेकर नपा में हुई बैठक

**नौगांव, देशबन्धु।** आने वाले 16 तारीख को 68 वां मेला महोत्सव के अंतर्गत लोकल क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू हो जायेगा। इसकी तैयारियों को लेकर नपा सभागार कक्ष में एक बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मेला वीक लोकल क्रिकेट टूर्नामेंट को सफल बनाने के लिये विचार विमर्श हुआ। तो लोकल क्रिकेट टूर्नामेंट से लेकर अन्तर्राज्जीय टूर्नामेंट तक जिसका जो सहयोग होता है उसके लिये जिम्मेदारियां देने पर चर्चा हुई। क्योकि मेला महोत्सव नौगांव में एक पर्व की तरह मनाया जाता है मेला महोत्सव में मेला लगने से लेकर अलग अलग सांस्कृतिक ओर खेल प्रतियोगिता होती है। जिसमें क्रिकेट, बास्केट बॉल, कबडडी, बॉलीबाल , शतरंज और मेला वीक के कार्यक्रम। मंगलवार को नपा सभाकक्ष में जो बैठक हुई। उसमें 16 दिसम्बर से लोकल क्रिकेट टूर्नामेंट कराने पर चर्चा हुई। इंट्री फीस से लेकर खिलाडियों को खेल सामग्री उपलब्ध कराना , मैच के दौरान एम्पायर , स्कोरर के अलावा क्रिकेट से जुड़ी अलग अलग जिम्मेदारी जो लोग लेते है। उनको जिम्मेदारी देने पर चर्चा हुई क्योकि इसमें नगर का वह व्यक्ति जो आयोजन से जुड़ा होता है निस्वार्थ और निश्शुल्क सेवा प्रदान करता है। पूर्व सभापति पार्षद ताहिर मंसूरी ने जानकारी दी 68वां क्रिकेट टूर्नामेंट के दौरान बाहर से खिलाडियो को रूकने के लिये बेहतर व्यवस्था की जाये। नास्ता और खाना के लिये बिलो टेंडर नहीं होगा क्योकि टेंडर से गुणवत्ता पर असर पड़ता है बैठक के दौरान पूर्व विधायक मानवेन्द्र सिंह , नपा अध्यक्ष अनूप तिवारी , उपाध्यक्ष दौलत तिवारी , सीएमओ नीतू सिंह , प्रतिनिधि सांवत सिंह, अरविन्द्र यादव, जित्तू यादव के द्वारा कार्यक्रम में अपनी भूमिका निभाने वाले अशोक तिवारी , नितिन तिवारी, सोनू जैन , बुल्ली राजा के साथ केदारनाथ तिवारी के साथ अन्य लोग मौजूद रहे।



# नौगांव का किसान दिल्ली में हुआ सम्मानित

## कृषि वैज्ञानिकों के द्वारा बतायी गयी नवीन तकनीकि के आधार पर बनाया फार्म हाउस

**नौगांव, देशबन्धु।** नगर के लिये गौरव की बात है यहां का रहने वाला किसान न्यू दिल्ली में सम्मानित हुआ। कृषि विज्ञान केन्द में पदस्थ वैज्ञानिक कमलेश पांडे ने बताया कि कृषि विज्ञान केन्द्र से जुड़े। प्रगतिशील कृषक सलीम खान पिता शफीक को दिल्ली में मिली मियर फार्म ऑफ इंडिया अवार्ड भारतीय कृषि अनुसंसाधन परिसर ऊषा न्यू दिल्ली केन्द्र में सम्मानित किया गया। किसान के फार्म हाउस पर इंटीग्रेटिड फार्मी जैसे जैविक खेती, पोटली फार्मिंग, पोटली इंडस्ट्रीज इकाई , उद्यानिकी इकाई, बतख पालन , मछली पालन, मधुमक्खी इकाई के अलावा नये इनोवेशन के फलस्वरूप किये कार्यो के आधार पर जिले के एक मात्र कृषक सलीम खान को नवीन तकनीकि से खेती करने पर चयनित कर दिल्ली में सम्मानित किया इसके पहले वह जिला व राज्य स्तरीय सम्मानो से सम्मानित हो चुके है।

## प्राईवेट कॉलेजों में एक छात्र का हुआ ग्रामोदय में चयन

जिले के लिये एक और गौरव की बात है कि छात्र महादेव अहिरवार पिता घंसु अहिरवार निवासी रामपुर तहसील राजनगर का छात्र नौगांव के कृषि उद्ययान केन्द्र में पदस्थ कमलेश अहिरवार से निश्शुल्क कृषि प्रतियोगिता और निश्शुल्क कोचिंग करते रहे और पढ़ता रहा लगातार आगे की पढ़ाई के लिये तैयारी करता रहा और कामयाबी मिली। पूरे मध्य प्रदेश में प्राईवेट कॉलेज से एक मात्र छात्र महादेव अहिरवार का महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्व विद्यालय एमएससी कृषि में सफलता मिली। जिससे उसके परिवार में हर्ष का माहोल है।

# गेंहू गोदाम से बिना दस्तावेज के भर कर जा रहे ट्रक को तहसीलदार ने पकड़ा

◆ **उसके बाद बिना कार्यवाही किए गोदाम में वापिस खाली करवा दिया**

**घुवारा, देशबन्धु।** नगर घुवारा के मण्डी प्रांगण में स्थित मध्यप्रदेश राज्य सहकारी विपणन संघ की गेहूं गोदाम से अवैध तरीके से एक ट्रक में गेहूं की बोरियां लोड होने की सूचना के आधार मौके पर पहुंची तो तहसीलदार ने पहले गेहूं से लोड हो रहे ट्रक के पास जाकर देखा कि सरकारी वारदाने की बोरियों की जगह प्राइवेट बोरियों में भर कर हांथ से सिलाई कर बोरियां लोड की जा रहीं हैं ।जिसके बारे में पूंछतांछ की और दस्तावेज मांगे लेकिन गेहूं की लोडिंग से संबंधित दस्तावेज गोदाम प्रभारी उपलब्ध नहीं करा सके जिस पर तहसीलदार महोदया भड़क उठी और कार्यवाही करने की बात कह मौके पर ही कार्यवाही के नाम पर पंचनामा तैयार कर सदर पटवारी देवेंद्र लोधी को मौके पर निगरानी हेतु तैनात कर दिया ।और मण्डी का मैन गेट बंद करवा कर चली गईं ।इसकी सूचना जैसे ही गोदाम प्रभारी को लगी तो तहसीलदार मैडम के पास एक सपोर्टर व्यक्ति के साथ तहसील कार्यालय पहुंचे जहां पर बंद कमरे में गोदाम प्रभारी से चली लंबी बात के बाद तहसीलदार ने गेहूं से लोड ट्रक को वापिस गोदाम में खाली करवा दिया ।आखिरकार घंटो चलते रहे इस कार्यवाही के ड्रामे में ये बात लोगों को समझ नहीं आई की जब गोदाम से गेहूं लोड हो चुका था और उसके सही दस्तावेज थे तो ट्रक जाने दिया होता और जब दस्तावेज नहीं थे तो गोदाम में खाली कराने की जगह विधिवत कार्यवाही की जानी चाहिए थी ।पर गोदाम में वापिस ट्रक को खाली कराने के पीछे की वजह आखिरकार क्या हो सकती है ।यह लोगों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है ।वहीं तहसीलदार ऋतु सिंघई की कार्यशैली पर भी लोगों ने सवालिया निशान लगाए हैं।

## विपणन संघ की गोदाम में नान का रखा है गेहूं का स्टॉक

आपको बता दें कि मण्डी प्रांगण में विपणन संघ की गोदाम स्थित है जिसकी क्षमता करीब दो हजार मैट्रिक टन के करीब है। जिसमें विगत वित्तीय वर्ष का नान विभाग द्वारा खरीदा हुआ गेंहू स्टॉक है जिसकी पूर्ण जवाबदेही विपणन संघ की है जिसके लिए नान विभाग हर माह लाखों रुपए विपणन संघ विभाग को किराए के रूप अदा करता है। इस गोदाम का प्रभार खाद गोदाम के साथ साथ गेहूं गोदाम का भी प्रभार जयसिंह परिहार के पास है ।सोमवार की दोपहर मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर तहसीलदार ऋतु सिंघई मण्डी परिसर अचानक से पहुंची और ट्रक कहीं निकल न जाए इसलिए उन्होंने मण्डी परिसर का मैन गेट पहले बंद करवाया उसके बाद ट्रक के पास पहुंची और पूंछ ताच की जिसमें पता चला कि ट्रक में लोड हो रहे गेहूं से सबंधित दस्तावेज ही नहीं है ।उसके बाद गोदाम प्रभारी से तहसीलदार मैडम की बात हुई और गेंहू को ट्रक में से वापिस गोदाम में अनलोड कर दिया गया।

## गरीबों के इस निवाले को बैच कर लाखों रुपए का गबन करने की जुगत में थे गोदाम प्रभारी

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक गोदाम में जो गेंहू रखा है वह नान विभाग का है लेकिन गोदाम विपणन संघ का है यहां से नान विभाग शासन की उचित मूल्य की दुकानों पर गरीबों को फ्री वितरण होने वाला राशन यहीं से ठेकेदारों के माध्यम से उठाव करवाकर उचित मूल्य की दुकानों भिजवाया जाता है ।लेकिन यह निवाला उन करीबों के हलक में पहुंचने से पहले इस पर गोदाम प्रभारी परखी से सेंध लगाते हैं और सैकड़ों क्विंटल गेंहू एकत्रित कर बाजार में विक्रय कर लाखों रुपए अतिरिक्त लाभ अर्जित करते हैं ।और विगत सोमवार की दोपहर भी यही देखने में सामने आया लेकिन तहसीलदार ऋतु सिंघई गोदाम प्रभारी जयसिंह पर इतनी मेहरबान हैं कि उन्होंने मौके पर पहुंचकर कार्यवाही हेतु पंचनामा तैयार किया उसके बाद तहसील कार्यालय पहुंचे गोदाम प्रभारी से वार्तालाप होने के बाद ट्रक को वापिस गोदाम में ही अनलोड करवा दिया।

## पहले भी गोदाम प्रभारी पर जांच के नाम मेहरबान हो चुकी हैं तहसीलदार

आपको बता दें कि 17 नवम्बर को विधानसभा चुनाव के मतदान के ठीक पश्चात जिले के कलेक्टर ने खाद वितरण हो रही लापरवाही और कालाबाजारी को ध्यान में रखते हुए सभी तहसीलदारों एवं एसडीएम को अपने अपने क्षेत्र अंतर्गत खाद गोदामों का निरीक्षण करने के सख्त निर्देश दिए थे जिस क्रम में तहसीलदार ऋतु सिंघई ने घुवारा डबल लॉक पर औचक निरीक्षण किया था और ढेर सारी अनियमितताएं मिलने एवं स्टॉक में काफी अंतर मिलने के चलते गोदाम का रिकॉर्ड जप्त कर अपने साथ ले गईं थीं ।उसके बाद गोदाम प्रभारी जयसिंह परिहार को और गोदाम के अन्य कर्मचारियों पर कार्यवाही न करते हुए बाद में रिकॉर्ड वापिस कर दिया था ।उस वक्त भी तहसीलदार मैडम पर किसानों और अन्य लोगों ने बड़े लेनदेन के आरोप लगाए थे ।और अब यह दूसरी बार मण्डी गोदाम से अवैध तरीके से बिकने जा रहे गेहूं पर गोदाम प्रभारी पर बिना कार्यवाही के ही वापिस गोदाम में गेहूं रखवा दिया गया है ।अब देखना यह है की ब्लॉक स्तर और जिला स्तर के अधिकारी इस लचर कार्यप्रणाली पर क्या ऐक्शन लेते हैं ।यह अपने आप में बहुत ही जांच का विषय है।

## व्यापारियों से सांठगांठ कर पहले भी बिक चुका है सैकड़ों क्विंटल गेहूं

सूत्रों के हवाले से जानकारी प्राप्त हुई है की यह पहला मामला नहीं है पहले भी सैकड़ों क्विंटल गेहूं सरकारी वारदाने से बाजार के वारदाने में पलटी करवाकर बाजार में बैचा जा चुका है जिसकी जानकारी स्थानीय तहसीलदार को पहले से थी और सोमवार को मुखबिर से मिली सूचना पर मौके पर पहुंची थी ।लेकिन कार्यवाही कुछ नहीं की।

## इनका कहना

जब इस पूरे मामले की जानकारी तहसीलदार ऋतु सिंघई से दूरभाष ली तो उनका कहना था कि हां मैं कल सोमवार मण्डी में लोड हो रहे ट्रक की जांच करने मौके पर गई हुई थी और गोदाम प्रभारी से ट्रक के लोड हो रहे गेहूं के दस्तावेज मांगे पर नहीं दिए गोदाम प्रभारी ने कुछ दिन बाद दस्तावेज उपलब्ध कराने का बोला है इसलिए मैंने गेहूं को गोदाम में ही खाली कराने के लिए बोल दिया था।

**ऋतु सिंघई, तहसीलदार घुवारा**

गेहूं के अवैध परिवहन से संबंधित मामले को मैं एसडीएम से जांच करवाता हूं ।जांच उपरांत ही इसमें जो दोषी पाया जायेगा उस पर कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

**संदीप जी.आर., कलेक्टर छतरपुर**

देशबन्धु

सागर, बुधवार 13 दिसम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## इस चेतावनी को सुनना होगा

मंगलवार को संसद भवन के बाहर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने पत्रकारों से चर्चा में दो-तीन मार्के की बातें कही हैं, जिन पर गौर फरमाया जाना चाहिए। राहुल गांधी ने पत्रकारों के जरिए एक बार फिर आम जनता के लिए संदेश दिया है कि कांग्रेस आने वाले वक्त में भी जाति जनगणना के मुद्दे को उठाती रहेगी। श्री गांधी ने कहा कि मूल मुद्दा जाति आधारित जनगणना है और लोगों को पैसा किसे मिल रहा है? वे (भाजपा) इस मुद्दे पर चर्चा नहीं करना चाहते हैं, वे इससे दूर भागते हैं। हम इस मुद्दे को आगे बढ़ाएंगे और सुनिश्चित करेंगे कि गरीबों को वह मिलता है जिसके वे हकदार हैं। गौरतलब है कि हाल में संपन्न पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में लगभग हर रैली में राहुल गांधी ने जाति जनगणना की बात की थी और साथ ही दावा किया था कि कांग्रेस की सरकार आने पर वह इसे अमल में लाएगी। तेलंगाना के अलावा कांग्रेस को किसी राज्य में जीत नहीं मिली, बल्कि उम्मीद के विपरीत मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान भाजपा के पास चले गए। भाजपा जातिगत जनगणना के मुद्दे से बचती रही है, बल्कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तो यहां तक कह दिया था कि इस देश में केवल गरीबी ही जाति है और कोई जाति नहीं है। लेकिन जिस तरह छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश में क्रमश: विष्णु देव साय और मोहन यादव को मुख्यमंत्री पद दिया गया है, उससे दिखाई दे रहा है कि भाजपा को अंतत: राहुल गांधी की लीक पर ही चलना पड़ा है। भाजपा इस बात को मानती है या नहीं, ये अलग बात है।

संसद के बाहर राहुल गांधी ने दूसरी महत्वपूर्ण बात पं.नेहरू को लेकर फैलाए जा रहे भ्रम पर की। गृहमंत्री अमित शाह ने पहले लोकसभा में और फिर सोमवार को राज्यसभा में भी जम्मू-कश्मीर को लेकर पं. नेहरू को निशाने पर लिया और उन पर गलतियों का ठीकरा फोड़ा। इसके बाद देश में इसी बात पर चर्चा होने लगी कि आजादी के बाद जब जम्मू-कश्मीर का विलय देश में हुआ और पाकिस्तानी कबाइलियों को भारतीय सेना ने हरा कर भगा दिया, उस वक्त और क्या-क्या हुआ था, तब किस तरह के हालात थे। उस बारे में माउंटबेटन से लेकर सरदार पटेल और फिर नेहरू से लेकर शेख अब्दुल्ला और राजा हरिसिंह की क्या भूमिकाएं थीं। किसकी गलती थी, किसकी नहीं, इस पर नयी बहस शुरु हो गई। ऐसी बहसें अगर स्वस्थ मानसिकता और निष्पक्षता से की जाएं, तब तो इनका लाभ है। मगर इस समय बहस नहीं होती, केवल दोषारोपण होता है और उसमें भी नेहरूजी पर ही लक्ष्य साधा जाता है। इन हालात में राहुल गांधी ने साफ कहा कि वे हमें इस मुद्दे (जाति जनगणना) से भटकाने के लिए जवाहरलाल नेहरू और अन्य के बारे में बात करते हैं। राहुल गांधी ने एक बार फिर भाजपा की नब्ज बिल्कुल सही जगह पर पकड़ी है। देश में इस वक्त जाति जनगणना वाकई एक बड़ा मुद्दा है, क्योंकि इसके जरिए ही सामाजिक न्याय के मकसद को पूरा किया जा सकता है। जब सामाजिक न्याय के लिए माहौल बनेगा, तब आर्थिक न्याय की प्रक्रिया भी अपने आप शुरु हो सकेगी। दरअसल ये सारी बातें एक-दूसरे पर ही आश्रित हैं और इसलिए राजनैतिक विमर्श में इनका केंद्र में रहना जरूरी है। संसद सत्रों के तमाम दिनों में इन पर अधिक से अधिक विचार-विमर्श होना चाहिए। लेकिन अभी आलम ये है कि संसद में की जा रही विवादास्पद बातें ही सुर्खियां बनती हैं। 140 करोड़ लोगों के लिए नियम-कानून बनाते वक्त सरकार कितनी देर और कितनी गंभीरता से विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करती है, इसकी कोई खबर ही आम जनता को नहीं हो पाती। जब कोई कानून बन जाता है या रद्द हो जाता है, तभी लोगों को पता चलता है। ये बात लोकतंत्र के लिए बिल्कुल अच्छी नहीं है। इसलिए राहुल गांधी ने ध्यान भटकाने वाली जो बात कही है, वो सटीक है।

राहुल गांधी ने तीसरी टिप्पणी इतिहास में नेहरूजी की भूमिका को लेकर की। दरअसल पं.नेहरू पर राज्यसभा में अमित शाह ने कहा कि अगर असमय सीजफायर नहीं होता, तो आज पाक ऑक्यूपाइड कश्मीर नहीं होता। हमारी सेना जीत रही थी वो हार रहे थे। नेहरू दो दिन रुक जाते तो पूरा पाक ऑक्यूपाइड कश्मीर तिरंगे के तले आ जाता। इतिहास के एक बेहद जटिल मुद्दे का यह अतिसरलीकरण है कि अगर दो दिन का इंतजार किया जाता तो आज पीओके ही नहीं होता। जिन नेहरू की बुद्धिमत्ता और दूरदर्शिता का लोहा दुनिया के बड़े नेता मानते रहे हैं, उन्हें भाजपा आला दर्जे के मूर्ख नेता की तरह प्रस्तुत कर रही है, और लोगों को यह बता रही है कि देश की समस्याओं के नेहरू जिम्मेदार हैं। राहुल गांधी ने अमित शाह की इस टिप्पणी पर कहा कि 'पंडित नेहरू ने भारत के लिए अपनी जान दे दी, वह वर्षों तक जेल में रहे। अमित शाह इतिहास से अनजान हैं। मैं उनसे इतिहास जानने की उम्मीद नहीं कर सकता, उन्हें इसे दोबारा लिखने की आदत है... ।'

राहुल ने यहां बहुत गहरी बात कही है। क्योंकि तथ्यों को नजरंदाज करते हुए इतिहास को दोबारा लिखने की कोशिश वही करते हैं, जो बिना योगदान के अपने लिए श्रेय की तलाश में रहते हैं। भाजपा के पूर्वजों का भारतीय स्वाधीनता संग्राम में कोई योगदान नहीं था, ये सब जानते हैं और लोग अब ये भी देख रहे हैं कि भाजपा के दस सालों के दीर्घ शासन में देश कैसी समस्याओं से घिर चुका है। इनमें सबसे बड़ी समस्या लोकतंत्र को बचाने की है। अनुच्छेद 370 के हटाने पर सुप्रीम कोर्ट से आए फैसले के बाद अमित शाह ने संसद में विपक्ष को चेतावनी दी कि लौट आइए, नहीं तो जितने हो, उतने भी नहीं बचोगे। यह अपने आप में एक अलोकतांत्रिक टिप्पणी है। क्योंकि विरोध करना विपक्ष का धर्म है। इसी तरह शिवसेना सांसद संजय राउत पर प्रधानमंत्री के खिलाफ लेख लिखने पर एफआईआर दर्ज होना, या जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में छात्रों को धरना देने पर 20 हजार और राष्ट्र विरोधी नारे लगाने पर 10 हजार रुपये के जुर्माने का फरमान जारी करना, सभी लोकतंत्र के खत्म होते जाने की चेतावनी है।


राहुल गांधी इस चेतावनी को बार-बार दोहरा रहे हैं, देखना है कि जनता इसे सुनती है या नहीं।

# क्या कारगर होंगे भाजपा के नये-पुराने हथियार?

जैसे-जैसे लोकसभा के चुनाव नज़दीक आ रहे हैं, भारतीय जनता पार्टी अपने शस्त्रागार में हथियार एकत्र कर रही है। इनमें से कुछ तो उसके पुराने हैं, कुछ नये। पुराने शस्त्रों को सहेजकर रखते हुए उसने हाल के सियासी घटनाक्रम से कई नये हथियार भी एकत्र किये हैं। आने वाले समय में उसके पास कुछ और शस्त्र उपलब्ध हो जायेंगे। देखना होगा कि इनके जवाब में मुख्य प्रतिद्वंद्वी दल कांग्रेस और संयुक्त प्रतिपक्ष 'इंडिया' किस तरह से अपनी रणनीति बनाता है। सम्भव है कि जिस प्रकार से इंडिया मजबूत हो रहा है, उसके चलते भाजपा बहुआयामी रणनीति बना रही है क्योंकि उसे अगले चुनाव (लोकसभा) में अनेक दलों से विभिन्न मुद्दों पर चुनाव लड़ना होगा। इस लड़ाई में अगर कांग्रेस को बने रहना है तो उसे भाजपा के पुराने के साथ नये संग्रहित हथियारों की काट अभी से ढूंढनी होगी। उसका 'एक के खिलाफ केवल एक प्रत्याशी' का जो फार्मूला इंडिया के सहयोग से बन रहा है, वह तो काम करेगा ही, प्रभावशाली विमर्श ही गठबन्धन को चुनाव के पूर्व और पश्चात बांधे रखेगा।

भाजपा का पुराना अस्त्र कहें या शस्त्र क्या है, तो नि:संदेह वह ध्रुवीकरण है। इस साल के मध्य में कर्नाटक विधानसभा के हुए चुनाव में उसे मिली हार से एकबारगी यूं प्रतीत हो रहा था कि वह इसका आगे उपयोग नहीं करेगी, लेकिन हाल ही में समाप्त हुए पांच राज्यों के चुनावों में से कम से कम राजस्थान व छत्तीसगढ़ में तो उसका साम्प्रदायिकता का कार्ड सफल होता दिखा है। साजा विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस के कद्दावर नेता रवींद्र चौबे को ईश्वर साहू द्वारा परास्त करना बतलाता है कि उसका दांव कारगर साबित हुआ है। ईश्वर साहू के पुत्र भुनेश्वर को साम्प्रदायिक झगड़े में मार डाला गया था। ऐसे ही, कवर्धा विधानसभा क्षेत्र से कद्दावर नेता मोहम्मद अकबर को हराने वाले विजय शर्मा को उपमुख्यमंत्री बनाना इस बात का इशारा है कि भाजपा की चुनावी रणनीति अब भी इस पर बड़े तौर पर आश्रित है। 2018 का चुनाव 60 हजार वोटों से जीतने वाले अकबर का 40 हजार मतों से हारने का अर्थ है कि भाजपा का ध्रुवीकरण का हथियार अब भी धारदार है। राजस्थान में भी भाजपा ने कन्हैयालाल दर्जी की हत्या को निर्णायक बना दिया जिसके आगे अशोक गहलोत के जमीनी मुद्दे धराशायी हो गये। यहां बाबा बालकनाथ, बालमुकुंद आचार्य समेत चार संन्यासी चुनाव जीते हैं। साम्प्रदायिकता के विमर्श को ये साधुगण कैसे आगे बढ़ाएंगे, इसकी एक बानगी आचार्य अपने क्षेत्र हवामहल में नॉन वेज के ठेले व दुकानों को बन्द कराकर दिखला चुके हैं।

जातिगत जनगणना के जरिये कांग्रेस के राहुल गांधी व जनता दल यूनाईटेड के नीतीश कुमार ने जो सामाजिक न्याय का विमर्श बढ़ाया है; और जिसे वे और बड़ा मुद्दा बना रहे हैं, उसे खेलने की शुरुआत



डॉ. दीपक पाचपोर

> जातिगत जनगणना के जरिये कांग्रेस के राहुल गांधी व जनता दल यूनाईटेड के नीतीश कुमार ने जो सामाजिक न्याय का विमर्श बढ़ाया है; और जिसे वे और बड़ा मुद्दा बना रहे हैं, उसे खेलने की शुरुआत भाजपा ने कर दी है। पहले छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के ओबीसी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ भाजपा द्वारा अपने ओबीसी राज्य अध्यक्ष अरूण साव का चेहरा लाया गया और हवा बनाई गई कि अगर पार्टी जीतती है तो उन्हें सीएम बनाया जा सकता है।

भाजपा ने कर दी है। पहले छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के ओबीसी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ भाजपा द्वारा अपने ओबीसी राज्य अध्यक्ष अरूण साव का चेहरा लाया गया और हवा बनाई गई कि अगर पार्टी जीतती है तो उन्हें सीएम बनाया जा सकता है। ऐसे ही, अमित शाह ने रायगढ़ के प्रत्याशी पूर्व आईएएस ओपी चौधरी को भी बड़ा ओहदा देने का संदेश उनके मतदाताओं को दिया था। वे भी ओबीसी से आते हैं। देखना यह होगा कि उन्हें कौन सा बड़ा पद मिलेगा। उधर मध्यप्रदेश में तो भाजपा ने डॉ. मोहन यादव को ही सीएम बना दिया है। यह एक तरह से संकेत हैं कि पार्टी ओबीसी कार्ड खेल रही है। यह अलग बात है कि यादव कभी भी ओबीसी नेता के रूप में स्थापित नहीं रहे, न ही मान्य।

मोदी की गारंटियों की चर्चा भी विधानसभा के इन चुनावों में बहुत हुई है। छत्तीसगढ़ में मतदाताओं ने कांग्रेस की किसानों को कर्ज माफी की बजाय उस पार्टी को चुना जो इस मामले में मौन है। धान के 3200 रुपए प्रति क्विंटल की जगह उसे भाजपा का 3100 रुपए का मूल्य पसंद आया है। ऐसे ही, उन्हें कांग्रेस की केजी से पीजी तक की लड़कियों को मुफ्त शिक्षा योजना के स्थान पर भाजपा की केवल पीजी की मुफ्त शिक्षा अधिक भायी। विवाहित महिलाओं को कांग्रेस 15 हजार रुपए सालाना देना चाहती थी पर वोटरों को भाजपा के वार्षिक 12 हजार रुपए अधिक लगे। उधर राजस्थान की 50 लाख तक की चिरंजीवी मुफ्त चिकित्सा योजना को उसने नकार दिया और भाजपा को तरज़ीह दी। वैसे भाजपा ने अन्य कई घोषणाएं की हैं, खासकर सस्ते गैस सिलेंडर व पीजी पढ़ने वाली लड़कियों को मुफ्त स्कूटी। मध्यप्रदेश में शिवराज चौहान की लाडली बहन योजना भी चर्चित रही। यह दीगर बात है कि मोदी ने वहां की अपनी सभाओं में उसका ज़िक्र तक नहीं किया। देखना होगा कि जिन वादों, गारंटियों व आश्वासनों के बल पर भाजपा ने तीन राज्य जीते हैं उन पर कितना अमल होता है। लोकसभा चुनाव में उनके नामों पर भाजपा तभी अपनी छाती ठोंक सकेगी जब इस अल्पावधि में उन पर प्रभावशाली अमल होगा।

अगर इस पर चर्चा करें कि आने वाले समय में भाजपा के तरकश में कौन से नये तीर रखे जा सकते हैं, तो कहा जा सकता है कि मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट द्वारा जम्मू-कश्मीर के मसले पर सरकार के पक्ष में दिये गये फैसले का वह लाभ लेने की कोशिश करेगी। शीर्ष कोर्ट की पांच सदस्यीय पीठ ने अनुच्छेद 370 को समाप्त करने वाले केन्द्र के निर्णय को सही ठहराया। इसे भाजपा सरकार अपनी तथा अप्रत्यक्ष रूप से हिन्दुवादी विचारों की बड़ी जीत बता रही है। आश्चर्य नहीं होना चाहिये अगर इस फैसले का फायदा लेने का पूरा वह पूरा कार्यक्रम ही बना डाले। इसके अलावा जिस मुद्दे का वह सर्वाधिक लाभ लेने की तैयारी करती हुई दिख रही है, वह है अयोध्या का नवनिर्मित राममंदिर। इसका उद्घाटन स्वयं मोदी 22 जनवरी, 2024 को करने जा रहे हैं। इसका निमंत्रण देश के हर घर तक पहुंचाने की तैयारी चल रही है।

अब सवाल यह बनता है कि क्या इस बहुकोणीय नीति का भाजपा को लाभ मिलेगा? सम्भव है कि हिन्दी पट्टी में उसके वोट बैंक पर कुछ असर पड़े। विशेषकर, जो लोग मोदी सरकार प्रदत्त महंगाई, बेरोजगारी, प्रशासनिक नाकामियों के चलते उससे छिटक रहे हैं, वे फिर से भाजपा के समर्थन में आ सकते हैं। इसकी काट कांग्रेस समेत इंडिया के पास यह होगा कि उसके मतों का इस बार वैसा विभाजन नहीं होगा जैसा कि अब तक होता आया है। अभी तेलंगाना और कुछ अर्सा पहले कर्नाटक हारने के बाद दक्षिण में भाजपा के दरवाजे बन्द हो चले हैं। मणिपुर की घटनाओं के बाद पूर्वोत्तर में वह बेहद अलोकप्रिय हो गई है। यह भी याद रखना होगा कि भाजपा का प्रचार अभियान पूर्णत: मोदी पर निर्भर है। देखना होगा कि बचे चार-पांच माह में वे देश के कितने हिस्सों दौरा कर सकेंगे। दूसरी तरफ उनके खिलाफ विभिन्न नेता राष्ट्रीय स्तर पर या अपने-अपने राज्यों में बड़े चेहरे हैं जो पहले भी मोदी-भाजपा को निष्प्रभावी कर चुके हैं। सबसे केवल दो लोगों को लड़ना है- मोदी व शाह। अंतिम बात, तीन राज्य हारकर भी कांग्रेस हतोत्साहित नहीं है क्योंकि इन चुनावों में उसने 40 प्रतिशत वोट हासिल किये हैं जो भाजपा से करीब 10 लाख ज्यादा हैं। 19 दिसम्बर को दिल्ली में इंडिया के सहयोगी दल मिल रहे हैं। देखना होगा कि वे किस तरह से अपनी रणनीति को अंतिम रूप देते हैं।

**(लेखक देशबन्धु के राजनीतिक सम्पादक हैं)**

# भगवा से मुकाबला के लिए इंडिया गठबंधन को चाहिए एक अधिक आकर्षक आख्यान

■ **कल्याणी शंकर**

पांच राज्यों के चुनाव संपन्न होने के बाद सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी और विपक्ष 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारी में लग गये हैं। भाजपा हिंदी पट्टी में अपना गढ़ बनाये रखने को लेकर आश्वस्त है और विपक्ष उन्हें प्रभावी ढंग से चुनौती देने में विफल रहा है। नवंबर में हुए चुनावों में राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में भजपा ने जीत हासिल कर ली है।

भाजपा भारत में एक प्रमुख राजनीतिक शक्ति बन गई है। पार्टी ने अपनी पहुंच का विस्तार किया है और वर्तमान में 18 राज्यों में सत्ता पर काबिज है। यह इसके दृढ़ नेतृत्व, सुव्यवस्थित संरचना, विशाल संसाधनों और प्रभावी संचार के कारण है। इसके अलावा, भारतीय राजनीति में दक्षिणपंथ की ओर एक महत्वपूर्ण बदलाव आया है। नरेंद्र मोदी और अन्य विपक्षी नेताओं की लोकप्रियता रेटिंग में काफी अंतर है। पार्टी का नया नारा है- 'नई गति, नई प्रतिज्ञा।'

पिछले दस वर्षों में, नरेंद्र मोदी ने भाजपा की हिंदू राष्ट्रवाद की मूल अवधारणा को प्रभावी ढंग से बढ़ावा दिया है। पार्टी ने मतदाताओं को जीतने के लिए नकद हस्तांतरण, मुफ्त राशन और किफायती गैस सिलेंडर जैसी कल्याणकारी योजनाएं लागू की हैं। एक और महत्वपूर्ण विचार अयोध्या में राम मंदिर का उद्घाटन अगले साल जनवरी में करने की योजना है। उच्च बेरोजगारी, मुद्रास्फीति और मूल्य वृद्धि जैसी चुनौतियों का सामना करने के बावजूद, ये योजनाएं जनता के बीच लोकप्रिय बनी हुई हैं। भाजपा इन्हीं के आधार पर पार्टी के लिए तीसरे कार्यकाल की वकालत कर रही है।

> भाजपा को दक्षिण के लिए नये सिरे से रणनीति विकसित करने की जरूरत है, जबकि कांग्रेस को उत्तर पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। जहां तक क्षेत्रीय दलों की बात है तो उनकी प्राथमिकता अपने वफादार मतदाता आधार को बनाये रखने की होनी चाहिए। इसके अलावा, मतदाताओं को जीतने के लिए केवल मुफ्त उपहार देना हमेशा पर्याप्त नहीं होता है। उनका विश्वास और समर्थन अर्जित करने के लिए और अधिक प्रयास करना आवश्यक है।

भाजपा को दक्षिणी राज्यों में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है और पार्टी इन राज्यों में चुनाव जीतने के लिए केवल मोदी के करिश्मे पर निर्भर रहने से परे नयी रणनीति अपना सकती है। केन्द्रीय नेतृत्व पार्टी के भीतर आंतरिक असहमति को दूर करने की कोशिश कर रहा है।

हालांकि, उन्हें एक नया आख्यान बनाने की ज़रूरत है जो दक्षिणी राज्यों के मतदाताओं के साथ प्रतिध्वनित हो। हिंदुत्व और सनातन धर्म की मौजूदा विचारधारा इन राज्यों के लोगों को पसंद नहीं आ रही है। एक ऐसी विचारधारा वाली पार्टी के रूप में यह उत्तर भारत की जरूरतों को पूरा करती है।

अन्य राजनीतिक दलों के विपरीत, द्रविड़ दलों ने दशकों से सामाजिक न्याय को बढ़ावा दिया है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन द्रविड़ प्रशासन मॉडल की बात करते रहे हैं। दक्षिणी क्षेत्र में 543 लोकसभा सीटों में से 131 सीटें हैं। केरल में कई कम्युनिस्ट समर्थक हैं। तमिलनाडु मुख्य रूप से नास्तिक है, और भाजपा का कर्नाटक में कुछ आधार है। हालांकि, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में क्षेत्रीय पार्टियां हैं, जिससे इन राज्यों में भाजपा का समर्थन सीमित है।

विपक्षी इंडिया गठबंधन हाल के चुनावों में कांग्रेस के खराब प्रदर्शन से निराश है। अगर सबसे पुरानी पार्टी कम से कम दो उत्तरी भारतीय राज्यों में जीत हासिल करती तो राहुल गांधी सफल हो सकते थे। कांग्रेस को अगले चुनाव से पहले एक नयी चुनावी रणनीति अपनानी होगी।

मोदी को चुनौती देने के लिए अगले चार महीनों में गैर-भाजपा वोटों के विभाजन को रोकने के लिए विपक्षी दलों को एकजुट होना होगा। पहले कदम के रूप में, उन्हें उन सीटों पर एक ही उम्मीदवार खड़ा करने पर सहमत होना चाहिए जहां भाजपा प्राथमिक दावेदार है। कांग्रेस पार्टी को सफलता की अधिक संभावना वाले निर्वाचन क्षेत्रों को जीतने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। व्यक्तिगत एजेंडों और अहंकारी सत्तारूढ़ पार्टी को हराने को प्राथमिकता देना आवश्यक है।

कांग्रेस को अपने नेतृत्व को अद्यतन करने और पुरानी प्रथाओं को पीछे छोड़ने की जरूरत है। तृणमूल कांग्रेस ने कांग्रेस के खराब प्रदर्शन की आलोचना की और कहा कि भाजपा की जीत कांग्रेस की विफलता का नतीजा है। आंतरिक संघर्षों, कमजोर गठबंधनों और वर्तमान राजनीतिक माहौल की समझ की कमी के कारण कांग्रेस चुनाव हार गई। सुधार के लिए, कांग्रेस को उचित भूमिकाओं के लिए सक्षम व्यक्तियों की भर्ती करनी चाहिए और अपने समर्थकों को प्रेरित करना चाहिए।

राहुल गांधी ने कांग्रेस पार्टी को पुनर्जीवित करने के लिए 4,000 किलोमीटर की भारत जोड़ो यात्रा का नेतृत्व किया। इससे पार्टी को कर्नाटक और तेलंगाना में महत्वपूर्ण जीत हासिल करने में मदद मिली। हालांकि, यात्रा की सफलता मुख्यत: दक्षिण भारत तक ही सीमित थी और उत्तर में इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ा।

भाजपा से मुकाबला करने के लिए विपक्ष को अधिक धन की आवश्यकता है। भगवा पार्टी अपने अभियान को टॉप गियर में रखने के लिए अपने धन का उपयोग करती है। पिछले पांच वर्षों में कांग्रेस को रुपए 1,547.43 करोड़ की तुलना में भाजपा को रुपए 10,122.03 करोड़ का राजनीतिक दान मिला। कांग्रेस को कॉर्पोरेट योगदान कम हो गया है जबकि भाजपा को उसका योगदान बढ़ गया है।

हालिया रिपोर्टों के अनुसार, कांग्रेस धन की कमी के कारण अपने चुनाव अभियानों को वित्तपोषित करने के लिए क्राउडफंडिंग पर विचार कर रही है। इसे भजपा के राजनीतिक युद्ध कोष से मुकाबला करने के लिए विशाल धन की आवश्यकता है।

पिछले 20 सालों में भाजपा का लोकसभा चुनाव पर खर्च छह गुना बढ़ गया है, जो पिछले लोकसभा चुनाव में 9 हजार करोड़ रुपये से बढ़कर 55 हजार करोड़ रुपये हो गया है। खर्च का एक तिहाई हिस्सा प्रचार के लिए आबंटित किया जाता है। इसके विपरीत, दूसरा सबसे बड़ा खर्च मतदाताओं को सीधा भुगतान है। मतदाताओं को रिश्वत देने के कई तरीके हैं। फंड और आरएसएस समर्थित संगठन दोनों के मामले में भाजपा को कांग्रेस के मुकाबले बड़ा फायदा है।

सीधे शब्दों में कहें तो भाजपा को दक्षिण के लिए नये सिरे से रणनीति विकसित करने की जरूरत है, जबकि कांग्रेस को उत्तर पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। जहां तक क्षेत्रीय दलों की बात है तो उनकी प्राथमिकता अपने वफादार मतदाता आधार को बनाये रखने की होनी चाहिए। इसके अलावा, मतदाताओं को जीतने के लिए केवल मुफ्त उपहार देना हमेशा पर्याप्त नहीं होता है। उनका विश्वास और समर्थन अर्जित करने के लिए और अधिक प्रयास करना आवश्यक है। भारत की लोकतांत्रिक यात्रा एक बड़ी उपलब्धि है जिसकी शायद ही कोई मिसाल हो। अपनी खामियों के बावजूद लोकतंत्र बचा हुआ है और सत्ता का हस्तांतरण 17 बार हो चुका है। आखिरकार, यह अरबों मतदाता ही हैं जो 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद केंद्र में सरकार का स्वरूप तय करेंगे।

## पावन प्रसंग

### सांस्कृतिक एकता के सूत्र

भारत विश्व की सभी प्राचीन सभ्यताओं में से एकमात्र जीवित एवं विकसित सभ्यता है। भारत विश्व का एकमात्र जीवित प्रागैतिहासिक राष्ट्र है। अतीत से भविष्य तक इतने लंबे अंतराल में इतने विराट स्वरूप को भारत ने संरक्षित एवं सुरक्षित रखा है। यह पश्चिमी विचारकों के लिए आश्चर्य और शोध का विषय है। भारत की एकता का मुख्य आधार आर्थिक, राजनीतिक, प्रशासनिक कारणों में निहित नहीं है। इन आधारों पर गठित बड़े-बड़े राष्ट्रों का जीवन बहुत लंबा नहीं होता। इसके कई उदाहरण हैं। इतिहास में अरब क्षेत्र में तुर्की और मेसोपोटामिया के साम्राज्य, उत्तरी अफ्रीका में मिस्र का साम्राज्य, यूरोप में रोमन साम्राज्य आज उसी क्षेत्र में अनेक राष्ट्रों में विभाजित हैं।

पिछली शताब्दी में ही चेकोस्लोवाकिया और सोवियत संघ का विघटन इसका प्रमुख उदाहरण है। भारत में एकता का सूत्र यहां की संस्कृति, धर्म और सांस्कृतिक मनोविज्ञान में इतने सुव्यवस्थित ढंग से बसा हुआ है कि सामान्य तौर पर वह नजर ही नहीं आता। भारतीय संस्कृति में एकता का सूत्र अत्यन्त गहरा है। इसी कारण यह आज भी जीवंत एवं विकासशील है। इस संदर्भ में हरबर्ट रिसले का कहना है कि भारत में भौगोलिक, सामाजिक, भाषा, रीति-रिवाज, धर्म की भिन्नता होने पर भी कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक यह एकता के सूत्र में बंधा है। यह एकता है सांस्कृतिक एकता, जिसने भारत की विविधता को अपने में समेटकर अभिन्न एवं वृहद रूप प्रदान किया है- यह एक अद्‌भुत घटना है। भारतीय संस्कृति की यह एक अद्‌भुत विशेषता है कि हम यहां के धर्म और संस्कृति के किसी भी प्रतीक पर आस्था रखें तो संपूर्ण भारतवर्ष से स्वत: जुड़ जाएंगे। इसे कुछ इस तरह से समझा जा सकता है। जैसे यदि कोई भारतीय कहे कि वह वैष्णव है, उसकी आस्था भगवान राम में है तो उत्तर में अयोध्या से लेकर चित्रकूट होते हुए धुर दक्षिण में रामेश्वर तक सभी स्थानों से उस व्यक्ति की आस्था स्वयं जुड़ जाएगी। यदि कोई व्यक्ति कहे कि उसकी आस्था भगवान श्रीकृष्ण में है तो उत्तर में उनकी जन्मभूमि मथुरा, पूर्व में जगन्नाथपुरी पश्चिम में द्वारका और दक्षिण में तिरुपति बालाजी तक देश के सभी स्थानों से उसकी आस्था स्वत: जुड़ जाएगी।

एकता का यह सूत्र केवल विचारों में ही सीमित नहीं था। इसका क्रियात्मक स्वरूप भी अनादिकाल से दिख रहा है। देश के चार स्थानों-नासिक, उज्जैन, प्रयाग और हरिद्वार में हर तीन वर्ष के बादं कुंभ मेला होता है और देश के समस्त साधु-संत अखाड़े लगाकर यात्रा करते हैं। आदि शंकराचार्य ने चार स्थानों पर चार मठ बनाए और वहां के शंकराचार्य बनने के लिए यह बाध्यता बनाई कि उसी क्षेत्र का व्यक्ति शंकराचार्य नहीं बनेगा। आज भी नेपाल में पशुपतिनाथ का मुख्य पुजारी शताब्दियों बाद भी कर्नाटक का ही पुजारी बनता आ रहा है अर्थात राजनीतिक पृथकता भी एकता को सांस्कृतिक सूत्र से जोड़े रखती है।

भारत की एकता के सूत्र सांस्कृतिक आस्था और धार्मिक कर्मकांड से लेकर घर के स्नानागार तक इतने सूक्ष्म तरीके से बने हुए हैं कि शताब्दियों के विदेशी शासन के बाद भी भारत अपनी राजनीतिक एकता को अक्षुण्ण रखकर विराट स्वरूप के साथ अडिग एवं अचल है। इसी कारण हम 21वीं सदी में विश्व का मार्गदर्शन करने के लिए तैयार हैं। जबकि विश्व की अन्य महानतम शक्तियां अपनी किसी भी किस्म की एकता को नहीं बचा पाई इसीलिए भारत एक चिरंतन राष्ट्र है। भारतीय संस्कृति एकता का मूलमंत्र हमारी भावनाओं में गहराई से रचा-बसा है। वैचारिक रूप से मतभिन्नता संभव है और होनी भी चाहिए, परंतु सांस्कृतिक स्वर हमारी रगों में बहता है, कण-कण में रमता है और व्यवहार में दृष्टिगोचर होता है। भारत की युवा पीढ़ी इस सत्य और तथ्य से सुपरिचित है। बस, उसे दृढ़संकल्प के साथ क्रियान्वयन करने की आवश्यकता है। इसी आधार पर हम कह सकते हैं, हम विश्व का सक्षम एवं समर्थ रूप से नेतृत्व कर सकते हैं।

अखंड ज्योति

## आपके पत्र

### नशे से बचाना होगा उत्तराखंड के ग्रामीण युवाओं को

दुनिया भर में अनैतिक और गैर क़ानूनी तरीके से होने वाले व्यापार में ड्रग्स और नशे का कारोबार प्रमुख है। प्रति वर्ष इसका खरबों डॉलर का दुनिया भर में व्यापार किया जाता है। देश और दुनिया का कोई ऐसा इलाका या गली मोहल्ला नहीं है जहां इसने लोगों को अपनी गिरफ्त में नहीं ले रखा है। बूढ़े से लेकर छोटे बच्चे तक किसी न किसी प्रकार से नशे का शिकार नज़र आते हैं। युवा पीढ़ी सबसे अधिक इस बुराई के दलदल में फंसी नज़र आती है। नशे का यह कारोबार अब देश के दूरदराज़ ग्रामीण इलाकों में भी अपने पैर पसार चुका है और नई नस्ल को अपनी गिरफ्त में लेता जा रहा है। शहरी इलाकों में जहां महंगे ड्रग्स बिकते हैं तो वहीं ग्रामीण स्तर पर भी इस प्रकार के नशीले उत्पाद पहुंच चुके हैं। इससे न केवल युवा बर्बाद हो रहे हैं बल्कि इससे गांव का सामाजिक ताना बाना भी बिखरता जा रहा है।

देश के अन्य राज्यों की तरह पहाड़ी राज्य उत्तराखंड के युवा भी इस बुराई से बच नहीं सके हैं। राज्य में प्रति वर्ष करोड़ों रूपए के नशीले पदार्थ पकड़े जाते हैं, इसके बावजूद धड़ल्ले से यह कारोबार चल रहा है। नशे की यह लत शहरों से निकल कर राज्य के दूरदराज़ बैसानी गांव तक पहुंच चुकी है। शिक्षा से दूरी युवाओं को नशे की ओर धकेल रही है। गांव के युवा अवैध रूप से नशे के सभी प्रकारों में लिप्त होते जा रहे हैं जो काफी चिंताजनक है। चरस, गांजा, स्मैक और इस प्रकार की अन्य नशीली चीज़ों का सेवन करते यहां के युवाओं को देखा जा सकता है। अब तो इनकी देखादेखी 10-12 साल के छोटे बच्चे भी इसका सेवन करने लगे हैं जो भविष्य के लिए शुभ संकेत नहीं है। यह लत यहां के युवाओं में इस कदर बढ़ चुकी है कि माता-पिता चाह कर भी अपने बच्चों को इससे बचा नहीं पा रहे हैं। हालांकि गांव के कुछ युवा अभी भी ऐसे हैं जो इस बुराई से दूर हैं। युवा न केवल अपना भविष्य बल्कि अपना स्वास्थ्य भी खराब कर रहे हैं। प्रशासन को इस ओर गंभीरता से ध्यान देने की ज़रूरत है। 10वीं और 11वीं में पढ़ने वाले कई ऐसे बच्चे हैं जो घर से स्कूल जाने के लिए निकलते तो हैं लेकिन वह स्कूल न जाकर नशा करने वाले लोगों के पास बैठ जाते हैं और ड्रग्स लेते हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर इनके पास इसे खरीदने के लिए पैसे कहां से आते हैं? वहीं गांव के एक 60 वर्षीय बुज़ुर्ग कहते हैं कि गांव में लोग पहले भी मदिरापान का सेवन किया करते थे, लेकिन तब इसे केवल त्यौहारों और उत्सवों में प्रयोग किया जाता था। अन्य दिनों में गांव के लोग इस बुराई से दूर रहा करते थे। लेकिन आज यह युवाओं की नस-नस में समा चुका है। अब इसे उत्सवों में नहीं बल्कि भोजन की तरह प्रतिदिन इस्तेमाल किया जाने लगा है। यह पुराने दिनों की तरह देसी मदिरा नहीं बल्कि जीवन बर्बाद कर देने वाला नशा है। चरस और गांजा जैसी नशीली दवाएं युवाओं को असमय मौत की तरफ धकेल रही है।

इस संबंध में सामाजिक कार्यकर्ता कला कोरंगा कहती हैं कि उत्तराखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में बीड़ी-सिगरेट पीना आम बात है। बच्चे अपने आसपास और अपने घर के बड़े बुज़ुर्गों को यह पीते देख कर उनसे सीखते हैं जो आगे चलकर उन्हें नशा के अन्य स्रोतों का आदी बना देता है। वह कहती हैं कि बागेश्वर जिला अंतर्गत कई गांवों में भांग की खेती की जाती है जो नौजवानों को इसे उपलब्ध कराने का सबसे आसान माध्यम होता है। उनके अनुसार युवाओं को इससे बचाने के लिए सभी स्तरों पर काम करने की ज़रूरत है। एक ओर जहां प्रशासन को सख्त कदम उठाने होंगे वहीं सामाजिक रूप से सबसे बड़ी ज़िम्मेदारी बनती है कि युवाओं को इस बुराई के खिलाफ जागृत किया जाए ताकि वह इससे दूर हो सकें।

**श्रुति जोशी, बैसानी उत्तराखंड**

# भारतीय भाषा उत्सव अंतर्गत बहुभाषीय संवाद कार्यक्रम संपन्न



**सागर, देशबन्धु।** मंगलवार को भारतीय भाषा उत्सव के अंतर्गत विश्वविद्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों हेतु विवि के राजभाषा प्रकोष्ठ के संयोजकत्व में बहुभाषीय संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए प्रभारी हिन्दी अधिकारी एवं संयुक्त कुलसचिव संतोष सोहगौरा ने कहा कि भारत की जितनी भी भाषाएं एवं बोलियां हैं वे हमारी साझी सांस्कृतिक विरासत और भारतीय होने के नाते हमारे सामूहिक अस्तित्व का बोध कराती हैं एवं केन्द्रीय विवि होने के नाते हमारा विविद्य सही मायनों में मिनी इंडिया एवं वैविध्यपूर्ण भारत को प्रतिबिम्बित करता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रभारी कुलसचिव डॉ. सत्यप्रकाश उपाध्याय ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम निरंतर आयोजित किये जाने चाहिये जिससे समस्त भारतीय भाषाओं में समरसता बनी रहे, उन्होंने हिन्दी भाषा में अपना काव्य पाठ प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न अनुभागों में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपनी भाषा बोली में बात रखी। उप पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. संजीव सर्राफ ने बुंदेली भाषा में गौर साहब को समर्पित काव्य पाठ किया जिसमें उन्होने बुंदेलखण्ड की झांकी प्रस्तुत की, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. किरण माहेश्वरी ने मराठी एवं मारवाड़ी में गद्य एवं काव्य पाठ किया तथा कई रोचक संस्मरण प्रस्तुत किये, आईटी सेल प्रभारी डॉ. रूपेन्द्र जुगल चौरसिया ने गुजराती भाषा में संस्मरण सुनाया, सहायक कुलसचिव लक्ष्मी एवं वरिष्ठ तकनीकी सहायक डॉ. के कृष्णा राव ने तेलुगु में सूचना विज्ञानी दयानंदाप्पा कोरी ने कन्नड़, अनीस खान ने अरबी में कुरान शरीफ की आयतें पढ़ी, धनराज धुर्वे ने मराठी भाषा में काव्य पाठ किया। कार्यक्रम में हर्ष कुमार शांडिल्य, योगेश कुमार नामदेव, श्याम सेन, कमल अहिरवार, अजय कुमार सेवते एवं गीता सहित बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में हिन्दी प्रकोष्ठ के अभिषेक सक्सेना एवं विनोद रजक ने अपनी महती भूमिका निभाई।

## अक्षत कलश पहुंचे जैसीनगर निकली शोभायात्रा



**जैसीनगर, देशबन्धु।** अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण लगभग पूर्णत: की ओर है और 22 जनवरी को भगवान श्री राम के अयोध्या में बन रहे मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा होनी है, उसी के तहत अयोध्या से अक्षत कलश आज जैसीनगर पहुंचे, जैसीनगर के प्रसिद्ध बड़े महादेव मंदिर से गाजे बाजे अखाड़े के साथ अक्षत कलश की शोभायात्रा जैसीनगर में निकाली गई। जगह-जगह लोगों ने फूल बरसाकर शोभायात्रा का स्वागत किया व अक्षत कलश का पूजन किया। शोभायात्रा श्री राम मंदिर होते हुए प्रमुख मार्गों का भ्रमण करते हुए बिहारी जी के मंदिर में समाप्त हुई, इस दौरान पूरा जैसीनगर जय श्री राम के जय घोष से गूंजायमान हो उठा। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में नगर महिला पुरुष और युवा शामिल हुए। एक जनवरी से 15 जनवरी तक अक्षत कलश में आए हुए चावल कों घर-घर देकर अयोध्या मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में सभी को आमंत्रण दिया जाएगा।

## इलेक्ट्रिशियन ने अज्ञात कारणों के चलते लगाई फांसी





**बीना, देशबन्धु।** मनोरमा वार्ड में एक 40 वर्षीय व्यक्ति ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक बीना रिफाइनरी में इलेक्ट्रिशियन के पद पर पदस्थ था। जानकारी के मुताबिक अज्जू उर्फ अजय पिता सुरेश रैकवार 40 निवासी मनोरमा वार्ड ने अपने ही घर में अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगा ली। जब परिजनों ने देखा तो व्यक्ति को तत्काल सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने जांच में उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक बीना रिफाइनरी में इलेक्ट्रिशियन के पद पर पदस्थ था। मृतक के भाई दिनेश रैकवार ने बताया कि उसका भाई घर में था और उन्होंने फांसी क्यों लगाई इसका कारण अज्ञात है। अस्पताल प्रबंधन ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर पंचनामा कार्रवाई कर शव का पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा की क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर द्वारा दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश

**सागर, देशबन्धु।** कलेक्टर दीपक आर्य ने कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में भारत सरकार की विकसित भारत संकल्प यात्रा के जिले में क्रियान्वयन के संबंध में मार्गदर्शन दिया, बताया कि भारत सरकार एवं राज्य सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि प्रमुख योजनाओं का लाभ लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचे। इस हेतु भारत सरकार द्वारा विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का संचालन राज्य सरकार की सहभागिता से किया जा रहा है। इस दिशा में नागरिकों को उपलब्ध लाभों और विभिन्न सुविधाओं के बारे में जागरूकता सुनिश्चित करना होगा। समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजना की पहुंच को सुगम बनाये जाने के उदेश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा नाम से भारत सरकार द्वारा राज्यों के सहयोग से प्रारम्भ की जा रही है। भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य वंचित व्यक्ति तक पहुंचना और वंचितों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना। विकसित भारत संकल्प यात्रा 26 जनवरी तक आयोजित की जावेगी। भारत सरकार द्वारा इस यात्रा हेतु सभी जिलों को आईईसी वेन उपलब्ध करायी जाएंगी। इन आईईसी वैनों को सभी नगरीय निकाय एवं ग्राम पंचायत में ले जाया जाएगा और प्रत्येक निकाय में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आईईसी वेन में उपलब्ध ऑडियों विजुअल एड, ब्रोशर पम्पलेट, बुकलेट आदि के माध्यम से प्रचार प्रसार किया जाएगा। जिले को आवंटित आईईसी वैन की संख्या के आधार पर जिले का रूट चार्ट इस तरह तैयार किया जाएगा कि आईईसी वैन प्रत्येक पंचायत का भ्रमण करे। एक वेन के माध्यम से प्रति सप्ताह कम से कम 14 कार्यक्रम आयोजित किये जायेगे। नोडल अधिकारी नियुक्त किये जावे। यात्रा अवधि को दृष्टिगत तिथिवार वाहन नोडल अधिकारी भी बनाये जा सकेंगे। नगरीय शहरी क्षेत्र में प्रति 10000 जनसंख्या पर एक कार्यक्रम आयोजित किया जाएंगा। बडे नगरीय क्षेत्रों में एक से अधिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेगे। वेन के कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने के पूर्व संबंधित विभागों द्वारा संचालित योजनाओं का प्रचार-प्रसार, हितग्राहियों के आवेदन, हितग्राही चयन, आवेदनों का निराकरण की कार्यवाही की जाएगी। आईईसी वेन के कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर प्रधानमंत्री का संदेश, संकल्प विडियों विकसित भारत का प्रदर्शन, फिल्म का प्रदर्शन मेरी कहानी मेरी जुबानी लाभार्थियों के व्यक्तिगत कहानियों उल्लेख अनुभव साझा करने के माध्यम से शासकीय योजनाओं का प्रसार प्रसार। तकनीकी सत्र में ड्रोन प्रदर्शन, प्राकृतिक खेती, स्वाइल हेल्थ कार्ड, उन्नत तकनीक आदि की जानकारी दी जायेगी। धरती कहे पुकार के स्वच्छता गीत, एसएचजी एफ पीओ स्कूल छात्रध्स्थानीय कालाकरों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम। कार्यक्रम स्थल पर प्रश्नोत्तरी विजेताओं को पुरस्कार सम्मान। कार्यक्रम स्थल पर अनिवार्य रूप से स्वास्थ्य शिविर लगाया जाएं, जिसमें सामान्य जांच सुविधा उपलब्ध हो। सम्मान एवं हितग्राही लाभ वितरण विशेष उपलब्धि प्राप्त करने वाले महिला एवं पुरूष का सम्मान योजनांतर्गत हितग्राहियों को लाभ वितरण।

## भूपेन्द्र सिंह की जीत विकास की जीत है: सतेन्द्र सिंह



**बांदरी, देशबन्धु।** मंत्री भूपेन्द्र सिंह की खुरई विधानसभा में हुई ऐतिहासिक जीत पर भाजपा के वरिष्ठ नेता सतेन्द्र सिंह ने मंगलवार को बांदरी पहुंचकर भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओ के साथ प्राचीन हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रसाद चढाया व क्षेत्र में सुख शांति की कामना की, श्री सिंह की खुरई विधानसभा में लगातार यह तीसरी जीत थी। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने गाजे बाजे, अतिशबाजी के साथ जश्न मनाया व सभी को जीत की बधाई दी व एक दूसरे का मुह मीठा कराया इस अवसर पर सतेन्द्र सिंह ने कहा कि भूपेन्द्र सिंह की जीत खुरई विधानसभा में कराये गये विकाश की जीत है प्रचंड जीत पर खुरई विधानसभा के समस्त लोगो का आभार व्यक्त किया।

## संकल्प यात्रा के दौरान लगने वाले शिविरों के स्थान यथावत रहेंगे: निगमायुक्त

**सागर, देशबन्धु।** केंद्र सरकार की प्रमुख योजनाओं का लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध तरीके से लाभ पहुंचाने और नागरिकों को विभिन्न हितग्राही मूलक योजना में उपलब्ध कराये गये हितलाभों और सुविधाओं को नागरिकों से साझा करते हुए उन्हें जागरूक करने, ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक इन योजनाओं की पहुंच बन सके और वह लाभांवित हो सकें, इसके लिए पूरे देश में निकली जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा जिसका 14 दिसंबर के स्थान पर अब 16 दिसंबर को नगर आगमन होगा। यात्रा का नगर में भ्रमण के दौरान नगर निगम क्षेत्र में 11 स्थानों पर शिविर आयोजित किये जायेंगे जिसमें मौके पर केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के पात्र हितग्राहियों का पंजीयन कर उन्हें हितलाभ दिलाने की कार्रवाई की जाएगी साथ ही शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण कैंप भी लगाया जाएगा जिसमें शहर में आने वाले नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा और विभिन्न योजनाओं से संबंधित स्टाल लगाएं जाएंगे जिसमें योजना के पात्र हितग्राहियों के पंजीयन और लाभ देने की कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में निगमायुक्त चंद्रशेखर शुक्ला ने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि संकल्प यात्रा की आगमन तिथि में परिवर्तन हुआ है परंतु तैयारियों में कोई कमी न की जाए और यात्रा आगमन के पूर्व समस्त तैयारीयां पूर्ण कर ली जावें।

## श्रीराम जानकी विवाहोत्सव में भक्तों ने भगवान श्रीराम को चढ़ाया टीका

**बीना, देशबन्धु।** खिरिया वार्ड में श्रीराम नाम सिद्ध पीठ पर माता जानकी की गोद भराई उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान भगवान श्रीराम को टीका चढ़ाया गया। टीके का सामान जानकी जी के पक्ष से नवीन भिलवारे धूमधाम से श्रीराम नाम सिद्धपीठ लेकर पहुंचे। भगवान श्रीराम और माता जानकी का विवाहउत्सव खिरिया वार्ड स्थित श्रीराम नाम सिद्ध पीठ में धूमधाम से मनाया जा रहा है। इसकी शुरुआत विवाह पूर्व होने वाली रस्मों से हो चुकी है। हर रस्म को धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। 17 दिसंबर को बीना में भगवान श्रीराम की महा बारात धूमधाम के साथ निकाली जाएगी। जिसके उपलक्ष में माता जानकी की गोद भराई हुई और भगवान को टीका चढ़ाया गया। टीके का सामान लेकर श्रद्धालु प्रमुख मार्गों से होते हुए श्रीराम नाम सिद्ध पीठ पहुंचे। इस दौरान जगह.जगह उनका स्वागत किया गया। इसके बाद मंदिर में महाराज पं. हरदेव प्रसाद टोंटे ने सभी रस्में पूरी कराई। भगवान के विवाह की रस्मों को देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। कार्यक्रम में आए कलाकारों ने नृत्य की प्रस्तुति भी दी, महिलाओं ने मंगल गीत गाए।

# बिजली पेंशनरों का वार्षिक क्षेत्रीय सम्मेलन 15 दिसंबर को

**सागर, देशबन्धु।** संभाग में सेवानिवृत्त बिजली कर्मचारियों का वार्षिक सम्मेलन 15 दिसंबर को सुबह 10 बजे से स्थानीय रवीन्द्र भवन सभागार में आयोजित हो रहा है। मप्र राज्य विद्युत मंडल पेंशनर्स एसोसिएशन सागर क्षेत्र के बैनर तले आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माखन लाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय भोपाल के पूर्व कुलपति और पत्रकार दीपक तिवारी होंगे। बतौर विशिष्ट अतिथि व्हीके एस परिहार, संयोजक, मप्र यूनाइटेड फोरम फॉर पावर एंप्लॉइस एंड इंजीनियर्स को भी आमंत्रित किया है। आयोजित सम्मलेन में सागर के अलावा दमोह, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़ जिलों से बिजली पेंशनर्स एकत्र होंगे और प्रदेश पेंशनर्स पदाधिकारी भी शामिल होंगे। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के बिजली पेंशनर्स और पारिवारिक पेंशनर्स, पेंशन भुगतान की समुचित व्यवस्था के लिए उत्तरप्रदेश की तर्ज पर ट्रेजरी गारंटी से पेंशन भुगतान और छत्तीसगढ़ की तरह समय पर महंगाई राहत दिलाए जाने के लिए संघर्षरत हैं। अस्थाई और अपारदर्शी व्यवस्था पर रखी गई टर्मिनल बेनिफिट ट्रस्ट को लेकर असंतोष व्यक्त कर रहे हैं। सम्मेलन में इस विषय को लेकर पारित प्रस्ताव राज्य शासन सहित अन्य संबंधितों को भेजे जाने की तैयारी संयोजक मंडल कर रहा है। सागर एसोसिएशन के संरक्षक इंजी. सीएल स्वर्णकार, अध्यक्ष इंजी. एके पांडेय, सचिव केएल कटारिया, कार्यवाहक अध्यक्ष इंजी. केसी जैन, संगठन सचिव जेपी शर्मा, महराज सिंह, एचजी हरणे आदि ने संभाग के बिजली पेंशनर्स से कार्यक्रम में सहभागी रहने और सफल बनाने की अपील की है।

## पी क्लोडियस की पुण्यतिथि पर किया प्रतिभाओं का सम्मान



**बीना, देशबन्धु।** नगर रत्न अलंकार समिति द्वारा मगंलवार को पी क्लोडियस की सप्तम पुण्यतिथि पर उन्हें सीताराम चौरसिया सुजीत क्लॉडियस उमेश शर्मा सुमिता क्लॉडियस राम शर्मा ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए सीताराम चौरसिया ने क्लॉडियस के जीवन चरित्र से परिचय कराते हुए कहा कि वह सरल सहज कार्य के प्रति निष्ठावान कर्मठ महिला थी उन्हें एक्सीलेंस लेडी राज्यपाल राष्ट्रपति सम्मान सहित अनेकों सम्मान प्राप्त किया आपका जीवन समाज सेवा के लिए समर्पित रहा। इस अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट कार्य करने वाले कामना सिंह के के जैन को एवं बीना में गरवा की अलग जगाने वाली साधना चौरसिया रेलवे में बिना टिकट यात्रियों से सर्वाधिक राशि शासन को जमा करने वाले एन के जाटव एवं डीके लवानिया को नगर गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। उन्हें शील्ड प्रमाण पत्र शाल श्रीफल एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की रूपरेखा एवं आभार सुजीत क्लॉडियस ने प्रकट किया कार्यक्रम में अनेकों बंधु उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अशोक परिहार, पूर्व प्राचार्य आरके जैन, वरुण दुबे, संतोष झा, नीरज राय, राजेश बबेले, राकेश सेन, नारायण चौधरी, जुझार सिंह, पप्पू यादव, जितेन्द्र सहित अनेकों लोग उपस्थित रहे।

# फाइटर इटारसी और गुरुकुल नर्मदापुरम ने जीते मैच



**इटारसी, देशबन्धु।** रेलवे बॉयज फुटबॉल क्लब द्वारा आयोजित जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता अंडर-16 में चौथे दिन का पहला मैच फाइटर क्लब इटारसी और यंग बॉयज न्यू यार्ड के मध्य खेला गया। मैच काफी रोमांचक रहा। दोनों ही टीमों ने एक दूसरे पर काफी दबाव बनाया। मैच के रेफरी संदीप चक्रवर्ती, लाइनमैन अंकुश मसीह, अक्षत तिवारी, थर्ड रेफरी डालचंद राज, राकेश मसीह थे।

मैच के हाफ टाइम तक दोनों ही टीम बराबर रहीं। मैच के सैकंड हाफ में फाइटर क्लब के कृतिक ने 57 वे मिनट में एक गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। अंत तक स्कोर 1-0 रहा। जीनियस प्लेनेट स्कूल की ओर से मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार यंग बॉयज न्यूयार्ड के गोल कीपर यश दीवान को दिया। मैच के मुख्य अतिथि तरुण पोपली समाजसेवी तथा क्लब के संरक्षक थे। श्री पोपली ने क्लब को उज्ज्वल खेल एवं सफल प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की एवं गरीब बच्चों के लिए 15 जोड़ी जूते प्रदान करने की घोषणा की।

दूसरा मैच गुरुकुल 11 होशंगाबाद विरुद्ध यार्ड -11 के मध्य खेला गया जिसमें गुरुकुल टीम ने 3-0 से मैच जीत कर अगले दौर में प्रवेश किया। कल प्रतियोगिता में सोहागपुर, पिपरिया, रेलवे बॉयज फुटबॉल क्लब, नेशनल फुटबॉल क्लब के मध्य मैच खेले जाएंगे।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**मुझे संतोष है कि भारी....** आए और 2013 में फिर भारतीय जनता पार्टी की सरकार भारी बहुमत से बनी। 2018 में वोट हमें ज्यादा मिले लेकिन सीटों के गणित में हम पिछड़ गए थे, मगर बाद में फिर हमने सरकार बनाई। और आज जब मैं यहां से विदाई ले रहा हूं तो मुझे इस बात का संतोष है कि 2023 में फिर भारी बहुमत से सरकार बनी है। मेरा मन आनंद और संतोष से भरा हुआ है। उन्होंने कहा कि लाखों कार्यकर्ताओं के परिश्रम से, प्रधानमंत्री के आशीर्वाद और उनकी लोकप्रियता के कारण और केंद्र और राज्य की कल्याणकारी योजनाओं के कारण, जिसमें लाड़ली बहना का योगदान जबरदस्त है, जिसे 48.55 प्रतिशत वोट मिले अब तक के सबसे ज्यादा वो सरकार बनाकर मैं जाऊंगा।

उन्होने कहा कि हमें एक पिछड़ा और बीमारू राज्य मिला था, लंबे समय हमने विकास और प्रगति का तय किया। इन वर्षों में मैंने..मुझमें जितनी क्षमता थी, जितना सामर्थ्य था, पूरा झोंककर अपने प्रदेश के लिए और जनता के कल्याण के लिए काम करने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि मैं दो चीजों का उल्लेख और करूंगा। एक, महिला सशक्तिकरण मेरे लिए वोट प्राप्ति का जरिया नहीं है। वो मेरी अंतरआत्मा से निकला है क्योंकि बचपन से ही मैंने गांव में बेटियों की और बहनों की दुर्दशा देखी थी। इसीलिए बेटियों महिलाओं के लिए योजनाएं बनाई गई। ये योजनाएं बनाकर हम बेटियों और बहनों की जिंदगी में खुशी और परिवर्तन ला पाए। दूसरा, खेती के क्षेत्र में सिंचाई ने चमत्कार तो किया ही है, किसानों के लिए भी हम काफी काम कर पाए। गरीबों के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाई बनाई गई। कोविड में जब मजदूर पैदल आ रहे थे तो मेरी अंतरात्मा ने कहा कि मध्य प्रदेश की धरती पर कोई मजदूर पैदल नहीं चलना चाहिए और हमने किसी को पैदल नहीं चलने दिया। कई ऐसे काम हैं जो हम कर पाए। आज एक संतोष के साथ, एक अच्छी सरकार और अच्छा नेतृत्व पार्टी ने तय किया है..उनको सौंपकर हम आगे का सफर प्रारंभ करेंगे।

**मामा-भाई का रिश्ता टूटने....** को जब तक मेरी सांस चलेगी तब तक मैं टूटने नही दूंगा। उन्होंने सबको धन्यवाद देते हुए कहा कि यदि मैंने काम से कोई तकलीफ पहुंची हो तो क्षमा करें।

**अपने लिए कुछ मांगने से....** लड़ेंगे, इसे लेकर उन्होने कहा कि ये एक काल्पनिक सवाल है। मैंने पहले भी कहा है कि हम भाजपा कार्यकर्ता एक बड़े मिशन के लिए काम करते हैं और मिशन तय करता है हम कहां रहेंगे। ये बड़ी घटिया सोच है 'मैं कहां रहूंगा' अब ऐसा आदमी कुछ नहीं कर सकता सिवा ये रोने-गाने के। मैं कहता हूं एक साधारण कार्यकर्ता को 18 साथ भाजपा ने मुख्यमंत्री बनाकर रखा। मुझे भारतीय जनता पार्टी ने सबकुछ दिया..अब मुझे भारतीय जनता पार्टी को देने का वक्त आया है।

**पार्टी जो काम देगी, वो....** सबकी थी लेकिन मेरी सबसे ज्यादा थी मुख्यमंत्री के नाते। मुझे लगता था कोई कसर नहीं रह जाए, 2018 की कसक मन में रह गई थी इसलिए मैंने प्राणपण से काम किया।

**मेल मुलाकातों में गुजरा....** पूर्व राज्यसभा सांसद प्रभात झा से भी उनके निवास पर पहुंचकर सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर उपस्थित नवनियुक्त विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने भी नवनियुक्त मुख्यमंत्री डॉ. यादव को बधाई दी। नवनियुक्त मुख्यमंत्री डॉ. यादव से नव निर्वाचित विधानसभा सदस्य एंदल सिंह कंसाना और उमाकांत शर्मा ने सौजन्य भेंटकर स्वागत किया।

**मुद्दों से ध्यान भटकाने के....** मोदी भी ओबीसी वर्ग से हैं, लेकिन केंद्र सरकार को 90 लोग चला रहे हैं और उनमें से केवल तीन लोग ओबीसी वर्ग से हैं। राहुल गांधी ने कहा, मेरा सवाल संस्थागत व्यवस्था में ओबीसी, दलितों और आदिवासियों की भागीदारी के बारे में है। वे हमें इस मुद्दे से भटकाने के लिए जवाहरलाल नेहरू और अन्य के बारे में बात करते हैं।कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने गृहमंत्री अमित शाह पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें इतिहास की जानकारी नहीं है और पंडित जवाहर लाल नेहरू ने देश के लिए क्या किया इस बारे में वह पूरी तरह से अनभिज्ञ है। श्री गांधी ने पंडित नेहरू ने भारत के लिए अपनी जान दे दी, वह वर्षों तक जेल में रहे। अमित शाह इतिहास से अनभिज्ञ हैं। मैं उनसे इतिहास जानने की उम्मीद नहीं कर सकता।

**राज्यसभा में आया चुनाव आयुक्तों....** कुचलना वाला कानून है। सुरजेवाला ने कहा कि जब प्रधानमंत्री और उनके द्वारा बनाए गए मंत्री ही मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति करेंगे तो फिर इस नियुक्ति के लिए किसी कमेटी के गठन की कोई आवश्यकता ही नहीं रह जाती। केंद्र सरकार का मंत्री सदैव प्रधानमंत्री की इच्छा अनुसार चुनाव आयुक्त के चयन में अपनी भूमिका निभाएगा इसलिए यह कानून निरर्थक है। इस बिल के क्लॉज 5 में यह प्रावधान कर दिया गया है कि मुख्य चुनाव आयुक्त व चुनाव आयुक्त एक विशेष श्रेणी को छोड़कर देश का कोई और नागरिक नहीं हो सकता।

# मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने प्राथमिक शाला सांवलखेडा का किया निरीक्षण



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** निपुण भारत मिशन के अंतर्गत सोमवार को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुजान सिंह रावत द्वारा शासकीय प्राथमिक शालाओं का निरीक्षण किया गया। इस दौरान नुपिण प्रोफेशनल प्रियांशी वर्मा, सीईओ जनपद पंचायत हेमंत सूत्रकार एवं जिला सह समन्वयक साक्षरता जिला शिक्षा केन्द्र संजीव द्विवेदी उपस्थित रहें। सीईओ जिला पंचायत द्वारा प्राथमिक शाला सांवलखेडा में बच्चों एवं शिक्षकों को मार्गदर्शन दिया गया। उन्होंने कक्षा 1 से कक्षा 3 के बच्चों में बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान बढ़ाने के लिए एफएलएन गतिविधियों एवं निपुण लक्ष्यों की पूर्ति के लिए शिक्षकों को शिक्षक संदर्शिका अंकुर के अनुसार व्यापक पाठ्य योजना, बच्चों द्वारा वर्कबुक पर नियमित प्रयास, भाषा विकास, भाषा लेखन एवं संख्या ज्ञान तथा गणित की समझ बढ़ाने के लिए विभिन्न गतिविधियों पर चर्चा की गई। निरीक्षण के दौरान बच्चों की निपुण दक्षताओं के अवलोकन के लिए बच्चों की मौखिक, लिखित एवं गणितीय संक्रियाओं को परखा गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा बच्चों से पुस्तक पढ़वाकर एवं गणित के प्रश्नों को हल करवाकर भी देखा गया। उल्लेखनीय है कि सत्र 2020 में आई नई शिक्षा नीति अंतर्गत प्राथमिक शालाओं के बच्चों में शारीरिक बौद्धिक एवं संपूर्ण विकास के लिए निपुण भारत मिशन को प्राथमिकता दी गई है। मध्य प्रदेश शासन द्वारा प्रत्येक बच्चा निपुण बनाने हेतु मिशन अंकुर के रूप में प्रयास किये जा रहे है।

## डेंगू और मलेरिया से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी

**सागर, देशबन्धु।** मच्छरजनित बीमारियों से बचाव के लिए जिले में निरंतर जन जागरूगता कार्य किया जा रहा है। मच्छरजनित बीमारियों में मलेरिया सबसे प्रचलित बीमारी है। यह बीमारी मादा एनाफिलीज मच्छर के काटने से होती है। ठंड लगकर बुखार आना मलेरिया का प्रमुख लक्षण हैं। मलेरिया की जांच एवं दवाईयां सभी शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में नि:शुल्क प्रदान की जाती है। साथ ही आशा कार्यकर्ताओं से संपर्क कर भी जांच करवाई जा सकती है। मलेरिया के इलाज के लिए प्रमाणिक एवं सुरक्षित दवाएं उपलब्ध हैं। खून के साथ डेंगू वायरस भी मच्छर के शरीर में प्रवेश कर जाता है। मच्छर के शरीर में डेंगू वायरस का कुछ और दिनों तक विकास होता है। जब डेंगू वायरस युक्त मच्छर किसी अन्य स्वस्थ व्यक्ति को काटता है तो वह डेंगू वायरस को उस व्यक्ति के शरीर में पहुंचा देता है। इस प्रकार वह व्यक्ति डेंगू वायरस से संक्रमित हो जाता है तथा कुछ दिनों के बाद उसमें डेंगू बुखार रोग के लक्षण प्रकट हो सकते हैं। जिस दिन डेंगू वायरस से संक्रमित कोई मच्छर किसी व्यक्ति को काटता है तो उसके लगभग 3.5 दिनों बाद ऐसे व्यक्ति में डेंगू बुखार के लक्षण प्रकट हो सकते हैं। यह संक्रामक काल 3.10 दिनों तक भी हो सकता है। डेंगू बुखार किस प्रकार का है। डेंगू बुखार तीन प्रकार के होते हैं। साधारण डेंगू बुखार, डेंगू हेनरेजिक बुखार, डेंगू शॉक सिन्ड्रोम, यदि डेंगू हेमरेजिक बुखार, डेंगू शॉक सिन्ड्रोम का तुरन्त उपचार शुरू नहीं किया जाता है तो वे जानलेवा सिद्ध हो सकते हैं। चिकिनगुनिया भी एडिज मच्छर से होने वाली बीमारी है। इस बीमारी के लिए लाक्षणिक उपचार प्रदान किया जाता है। मच्छर को पनपने से रोकना एवं मच्छरों से स्वयं को बचाना इन बीमारियों से बचने का सबसे आसान उपाय है।

**रोग की जांच और उपचार मुफ्त**

## पुलिस ने मामला दर्ज कर की कार्रवाई

# बम्होरी में कलयुगी पुत्रों ने की वृद्ध दंपति की मारपीट

**दिगौड़ा, देशबन्धु।** थाना दिगौड़ा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम बम्होरी खास में वृद्ध दंपति की उनके ही पुत्रों ने लाठी से मारपीट कर दी। बताया गया है कि यह विवाद जमीन बेचने को लेकर हुआ। इस विवाद में वृद्ध दंपति के साथ उसके दोनों पुत्रों ने लाठी से मारपीट कर दी। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस के हवाले से मिली जानकारी के मुताबिक फरियादी महिला मथुरिया केवट पत्नी रग्गन केवट उम्र 60 साल निवासी बम्होरी ने अपने पति के साथ पुलिस थाने में आकर रिपोर्ट दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि शाम को पीड़ित वृद्ध महिला अपने पति के साथ घर के बाहर बैठी हुई थी। तभी पीड़िता के दोनों पुत्र कल्लू व रमसू केवट आए और जमीन बेचने को लेकर गाली गलौज व विवाद करने लगे। पीड़िता व उनके पति ने गाली देने से मना किया तो दोनों पुत्रों ने पीड़िता की लाठी से मारपीट कर दी। पीड़िता के पति बीच बचाव करने आए, तो उनकी भी मारपीट कर दी। इस घटना में पीड़िता के सिर में चोट आ गई। पीड़िता ने पुलिस थाने में घटना की रिपोर्ट की गई। पुलिस ने वृद्ध दंपति का उपचार कराया व दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया।

## डां मोहन यादव के मुख्यमंत्री बनने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी, बधाईयों का लगा तांता

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** मप्र के नए मुख्यमंत्री डां मोहन यादव बनाए गए हैं। श्री यादव के मुख्यमंत्री बनाए जाने पर नगर के बीजेपी नेताओं ने खुशी जाहिर करते हुए बधाईयां दी हैं। उज्जैन क्षेत्र से विधायक बनने के बाद प्रदेश का मुख्यमंत्री बनने पर बीजेपी कार्यकर्ताओं ने स्थानीय चौराहों पर आतिशबाजी की और जिंदाबाद के नारे लगाए। बधाई देने वालों में राहुल तिवारी, अनीस खान, प्रफुल्ल द्विवेदी, मनोज देवलिया, पवन पांडे, मुन्ना साहू सहित अनेक कार्यकर्ताओं के नाम शामिल हैं।

## अपराध करने की नीयत से घूम रहे आरोपी गिरफ्तार, अवैध हथियार बरामद

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी द्वारा अवैध हथियार रखने वालों पर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम ससत्या, एसडीओपी राहुल कटरे के मार्गदर्शन में पुलिस कार्रवाई करने में जुटी है। एसपी के निर्देशों के परिपालन में खरगापुर पुलिस द्वारा कुड़ीला चौराहे पर अपराध करने की नियत से घूम रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपी का नाम ठाकुर दास पिता कूरे लाल काछी उम्र 51 साल निवासी कोटरा थाना मऊरानीपुर जिला झांसी बताया गया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 315 बोर का कट्टा एवं 02 जिन्दा कारतूस जप्त किया गया। बताया गया है कि आरोपी के विरुद्ध धारा 25\27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही कर अपराध पंजीबद्ध किया गया। उक्त आरोपी को गिरफ्तार कर जेआर पर न्यायालय पेश किया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी खरगापुर निरीक्षक मुकेश शाक्य, सउनि एसएन सिंह सिसोदिया, आरक्षक गौरव, रामसिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# बाहरी कंपनियों को राकेट, सैटेलाइट और मिसाइल का डिजाइन दे रहे हैं प्रखर



**पलेरा, देशबन्धु।** शासकीय मॉडल स्कूल पलेरा के छात्र और खगोल शिक्षा एवं अनुसंधान संगठन के संस्थापक प्रखर विश्वकर्मा को हाल ही में उनके स्टार्टअप एयरो एक्स द्वारा एक लाख का टर्नओवर प्राप्त हुआ है । जानकारी के लिए बता दें कि प्रखर ने साल 2021 में अपना एयरो एक्स नाम से एक स्टार्टअप शुरू किया था । जिसमें वे बच्चों को अंतरिक्ष और एयरोनॉटिक्स के बारे में शिक्षा प्रदान करते हैं और बाहरी कम्पनियों को रॉकेट, सैटेलाइट, मिसाइल आदि की डिजाइन देते हैं । इससे ही उन्होंने इस साल एक लाख का टर्नओवर प्राप्त किया है । इस साल उन्होंने ऑनलाइन शिक्षा देकर और बाहरी कम्पनियों को डिजाइन देकर अपनी कम्पनी के लिए बहुत मुनाफा कमाया है । प्रखर ने बताया है कि वे अपनी कम्पनी एयरो एक्स को बहुत आगे ले जाना चाहते हैं और टर्नओवर का प्रयोग अपने आगामी मिशनों में करेंगे । प्रखर विश्वकर्मा ने बताया कि अभी वे अपने रॉकेट प्रक्षेपण के लिए इसरो, डीआरडीओ एवं बाहरी कम्पनियों से लगातार संपर्क कर रहे हैं।

## 5 कन्याओं के हाथों में लगेगी मेंहदी, बैठेंगी डोली, जायेंगी पिया के घर

# वी-क्लब की अभिनव पहल की हो रही सराहना, सामूहिक विवाह 14 को

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** चलो रे डोली उठाओ कहार, पिया मिलन की रुत आई...। बहारो फूल बरसाओ मेरा मेहबूब आया है...। जैसे फिल्मी गीत एक बार फिर गूंजने वाले हैं। अवसर रहेगा, यहां कुंडेश्वर में होने जा रहे सामूहिक विवाह कार्यक्रम का। वी क्लब की महिलाएं शायद जिले की ऐसी पहली महिलाएं होंगी, जिन्होंने इतनी बढ़ी जिम्मेदारी अपने कंधों पर उठाई है। वी-क्लब संगठन यहां 14 दिसम्बर 2022 को तीर्थ स्थली कुंडेश्वर में सामूहिक कन्या विवाह बिना किसी सरकारी अनुदान के करने जा रहा है। इस संबन्ध में चर्चा करते हुए वी-क्लब की अध्यक्ष रुचि राजा परमार ने आयोजन के संबन्ध में विस्तार से बताते हुए कहा कि संगठन द्वारा आयोजन को सफल बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। यहां एक निजी होटल में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने बताया कि 14 दिसम्बर संगठन द्वारा कन्या विवाह का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें पांच कन्याओं के विवाह किए जा रहे हैं। यह कार्यक्रम सुबह 8 बजे से शुरू होकर विवाह संपन्न होने तक चलेगा। इस विवाह कार्यक्रम में अनाथ आश्रम से आई एक बच्ची भी शामिल है। पांच विवाहों के जोड़ों के नाम भी प्राप्त हो चुके हैं। सुश्री परमार ने बताया कि विवाह के लिए रखी गई शर्तों को पूरा करने वाले जोड़ों को ही मान्य



किया गया है। कन्या की उम्र 18 एवं वर की उम्र 21 वर्ष होना आवश्यक रखा गया है। इसके अलावा उन कन्याओं को प्राथमिकता दी गई है, जिनके माता या पिता नहीं हैं। जिन कन्याओं के परिजन विवाह कर पाने में असमर्थ हैं। बीपीएल कार्डधारी परिवारों को भी प्राथमिकता दी गई है। आधार कार्ड देखने के बाद ही विवाह के लिए मान्य किया गया है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान बारातियों के स्वागत सत्कार से लेकर अन्य सभी नेंगचारों को पूरा किया जाएगा। विवाह के दौरान कन्याओं को फर्नीचर, बर्तन, कपड़े एवं जेवरात आदि दिए जाएंगे। वर और कन्या के साथ आने वाले सदस्यों के भोजनादि की व्यवस्था कर ली गई है। विवाह का पूरा खर्च संगठन उठाएगा। बारात के स्वागत के साथ ही डीजे, घोड़ा एवं आतिशबाजी का इंतजाम भी संगठन की ओर से ही होगा। सुश्री परमार ने कहा कि आयोजन के दौरान सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाओं के लिए प्रशासन को सूचना दी जा रही है। कार्यक्रम की तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। इस अवसर पर अध्यक्ष सुश्री रूचि राजा परमार, सचिव श्रीमती रश्मि निरंजन, कोषाध्यक्ष सुजाता जैन, रीजनल कॉ-आर्डीनेटर, रोशनी चतुर्वेदी, सुमन साहू, सीमा नुना, स्मृति अग्रवाल, निहारिका, अंजलि जैन, दीप साहू, रजनी रावत, अनु भामरी सहित अन्य सदस्य मौजूद रहीं।

### पांच साल से सेवा के समर्पित है संगठन

वी-क्लब की सचिव रश्मि निरंजन ने बताया कि वी-क्लब विगत पांच साल से सेवा के लिए समर्पित है। इन पांच सालों में गौ-सेवा, गरीबों की सेवा एवं बच्चों की मदद सहित अन्य सामाजिक एवं धार्मिक आयोजनों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती आ रही है। उन्होंने बताया कि संगठन सदस्यों द्वारा गौ आहार एवं सेवा को प्राथमिकता से पूरा किया जाता रहा है। इसके अलावा ग्रामीण बच्चों की बेहतर शिक्षा के लिए संगठन सक्रियता से कार्य करता आ रहा है। श्रीमती निरंजन ने बताया कि कुछ विद्यालयों के गरीब एवं जरूरतमंद बच्चों को ट्यूटर संस्था के खर्च पर लगाए गए हैं, जिससे वह शिक्षित होकर समाज का नाम रोशन कर सकें। श्रीमती निरंजन ने कहा कि सामूहिक विवाह का आयोजन संगठन द्वारा पहली बार किया जा रहा है। महिलाओं में आयोजन को लेकर काफी उत्साह देखा जा रहा है।

## नवाचार के तहत ग्रामीण स्तर पर आयोजित की गई जनसुनवाई

# ग्राम पंचायतों में मौके पर ही शिकायतों एवं समस्याओं का किया गया निराकरण



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** कलेक्टर अवधेश शर्मा के निर्देशानुसार जिले में नवाचार करते हुए आमजन से प्राप्त शिकायतों एवं समस्याओं के निराकरण के लिए ग्राम पंचायतों में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इसके तहत अधिकारियों द्वारा आज अलग-अलग ग्राम पंचायतों में जनसुनवाई के दौरान आमजन से प्राप्त शिकायतों एवं समस्याओं को सुना गया तथा मौके पर ही निराकरण किया गया। साथ ही जटिल समस्याओं के निराकरण हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों को भेजा गया। इस दौरान आमजनता से प्राप्त पेंशन, उपचार सहायता, खाद्यान्न पर्ची प्राप्त नहीं होने, गरीबी रेखा में नाम शामिल करने, सीमांकन, विधवा तथा दिव्यांग पेंशन, राहत राशि के वितरण, जाति प्रमाण पत्र सहित विभिन्न आवेदन पत्रों पर सुनवाई की गई। ज्ञातव्य है कि कलेक्टर श्री अवधेश शर्मा के निर्देशानुसार टीकमगढ़ जिले में नवाचार अंतर्गत प्रत्येक मंगलवार को ग्रामीण स्तर पर जनसुनवाई आयोजित की जाएगी। इसके तहत सभी अधिकारियों को ग्राम आवंटित किये गये हैं। अधिकारीगण संबंधित ग्राम पंचायतों में पहुंचकर प्रत्येक मंगलवार को आमजन से प्राप्त शिकायतों एवं उनकी समस्याओं के निराकरण करायेंगे।

## जनसुनवाई में 32 आवेदनों पर हुई सुनवाई

# आमजनता से प्राप्त आवेदन पत्रों के त्वरित निराकरण के लिए जनसुनवाई आयोजित



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** शासन के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय पर संयुक्त कार्यालय परिसर में जनसुनवाई आयोजित की गई। संयुक्त कार्यालय परिसर स्थित जनसुनवाई कक्ष में अपर कलेक्टर पीएस चौहान ने संबंधित अधिकारियों के साथ आमजन से प्राप्त शिकायतों एवं समस्याओं को सुना तथा निराकरण हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिया। उन्होंने प्राप्त आवेदनों पर संबंधित विभाग के अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करते हुए निराकरण करने के निर्देश दिए। इस दौरान विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

जनसुनवाई में आज आमजन से प्राप्त 32 आवेदनों पर सुनवाई की गई। आवेदन पत्रों को 10 दिवस में निराकृत कर उसका प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये। जनसुनवाई में आमजनता से प्राप्त पेंशन, उपचार सहायता, खाद्यान्न पर्ची प्राप्त नहीं होने, गरीबी रेखा में नाम शामिल करने, सीमांकन, विधवा तथा दिव्यांग पेंशन, राहत राशि के वितरण तथा जाति प्रमाण पत्र सहित विभिन्न आवेदन पत्रों पर सुनवाई की गई।

## खेत में खड़ी फसल हुई चोरी, अज्ञात पर मामला दर्ज

**गुना, देशबन्धु।** शहर के कैंट थानांतर्गत ग्राम विनख्याई में खेत में खड़ी मक्के एवं घांस की फसल अज्ञात व्यक्ति द्वारा काटे जाने का मामला सामने आया है। खेत में चोरी से कटी फसल की जानकारी खेत मालिक और बटियादार दोनों को कानो कान तक खबर नहीं लग सकी। इस मामले में पुलिस अज्ञात आरोपी पर मामला दर्ज किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी पंकज शर्मा पुत्र स्व. नारायण शर्मा निवासी श्रीगणेश कॉलोनी नानाखेड़ी ने अपने बटियादार रहीस खान के साथ थाने में शिकायत दर्ज कराई कि उनकी दो हेक्टेयर जमीन माताजी प्रेमलता शर्मा के नाम से बिनख्याई में है। जिसमें उन्होंने आधे-आधे में मक्का एवां घांस बोई थी। विगत महीने जब वह अपने बटियादार के साथ खेत पर फसल देखने गए तो यहां देखा कि खेत में खड़ी मक्का एवं घांस की फसल कोई अज्ञात व्यक्ति काट कर ले गया। इस बारे में फरियादी ने पुलिस को बताया कि उन्हें शंका है कि उनकी फसल पुरापोसर के चंदन लोधा ने काटी है। फिलहाल पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति पर मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

# देहली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों ने जीते पदक




**आष्टा, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश जुजित्सु संघ द्वारा 8 से 10 दिसंबर तक टेक्नोक्रेट्स इंटरनेशनल स्कूल भोपाल में 9वीं जुजित्सु राजस्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें देहली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों ने अलग-अलग वजन समूह में पदक प्राप्त किए। जिसमें खिलाड़ियों ने 6 स्वर्ण पदक, 4 रजत पदक और 13 कास्य पदक प्राप्त किए। जिसमें स्वर्ण पदक विजेताओं में राजवी ठाकुर कक्षा 3,चित्रांशी पाल कक्षा 3, सौरभ सिंह कक्षा 5,नैतिक वर्मा कक्षा 6,अक्षिता परमार कक्षा 6, अथर्व जावरिया कक्षा 7 रजत पदक विजेताओं में अभिक राजवैद्य कक्षा 3 अंश पटेल कक्षा 6 अभिनव कुमार साहा कक्षा 9 आयुष सिंह कक्षा 8 तथा दिव्य सेठी कक्षा 3, दिव्य खंडेलवाल कक्षा 3, चिराग परमार कक्षा 4, स्वरित सुराणा कक्षा 4, वानिया अली कक्षा 5, पीयूष कुमार कक्षा 6, प्रतीक चौधरी कक्षा 6, आवेश खान कक्षा 6, चित्रांश ठाकुर कक्षा 6,आदित्य मेवाडा कक्षा 6, अंशुल परमार कक्षा 6, और प्रखर जैन कक्षा 8 काँस्य पदक जीतने में सफल रहे ।

टीम कोच सैंसी रोहिणी कलम ने बताया कि प्रतियोगिता सब जूनियर, जूनियर और सीनियर वर्ग में आयोजित की गई। जिसमें पदक विजेता खिलाड़ियों का चयन आगामी राष्ट्रीय जुजित्सु प्रतियोगिता के लिए किया गया। खिलाड़ियों की इस विशेष उपलब्धि पर विद्यालय संचालक ध्रुवकुमार तिवारी, बहादुर सिंह सेंधव, ज्ञानसिंह ठाकुर, श्रीमती पायल अली, आदिल अली तथा विद्यालय प्राचार्या डॉ. संगीता सिंहा ने समस्त प्रतिभागी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए हो रहे आयोजन

**गुना, देशबन्धु।** शासन द्वारा जनकल्याण के लिए योजनाओं का अधिकतम लाभ आम जन तक पहुंचाए जाने के लिए ''सामाजिक सुरक्षा शिविर'' का आयोजन जिले की प्रत्येक जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायतों में 27 दिसम्बर तक अलग-अलग तिथियों में आयोजित किया जायेगा। इसी क्रम में मंगलवार को जनपद पंचायत आरोन अंतर्गत ग्राम पंचायत क्षेत्रपाल, खजूरी, करैया, बरोद तथा ककरूआ, जनपद पंचायत बमोरी अंतर्गत ग्राम पंचायत बावड़ीखेड़ा, पाठी, परवाह तथा मूढ़राहनुमान, जनपद पंचायत चांचौड़ा अंतर्गत ग्राम पंचायत मेरियाखेड़ी, भूमलाखेड़ी, अजगरा, खेजड़ारामा, बरखेड़ाखुर्द, गेहूखेड़ी तथा पेंची जनपद पंचायत गुना अंतर्गत गजनाई, चुराई, डूंगासरा तथा करीली जनपद पंचायत राघौगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत अचकलपुर, पुरैना, पीलाघटा, सागर, विजावदा, बंजला, बुढना तथा विशनखेड़ा में शिविरों का आयोजन किया जायेगा।

इस अभियान के प्रभावी सुव्यवस्थित एवं समयबद्ध क्रियान्वयन हेतु शिविर प्रारंभ दिनांक से शिविर समाप्ति तक सूची अनुसार अधिकारी, कर्मचारियों को नियुक्त किया गया हैं। उक्त अधिकारी, कर्मचारी हितग्राही मूलक योजनाओं को ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित शिविरों में उपस्थित रहकर हितग्राही मूलक योजनाओं के फॉर्म प्राप्त करेंगे, जैसे वृद्धावस्था पेंशन योजनाएं, कल्याणी पेंशन योजनाएं, दिव्यांग पेंशन योजनाएं, पात्रता पर्ची, खाद्यान्न पर्ची, सामाजिक सुरक्षा पेंशन के हितग्राहियों के बैंक खातों में ई-केवायसी कराना, आहार अनुदान योजनाओं के हितग्राहियों के बैंक खातों में ई-केवायसी कराना, राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना, संबल योजना एवं भवन संनिर्माण कर्मकार मण्डल की योजनाएं, प्रसूति सहायता योजना का लाभ प्रदान करना, मृत्यु की दशा में अंत्येष्टि एवं अनुग्रह सहायता योजना, निर्माण कार्य के दौरान दुर्घटना की स्थिति में स्थायी अपंगता होने प्रदान करना, निर्माण स्थल पर कार्य के दौरान अपंजीकृत श्रमिक की मृत्यु की दशा में अंत्येष्टि एवं अनुग्रह सहायता प्रदान करना। व्यक्तिगत शौचालय का लाभ प्रदान कराना एवं जन्म प्रमाण-पत्र, मृत्यु प्रमाण-पत्र के प्रकरणों का निराकरण शिविरों के माध्यम से किया जायेगा। शिविर के मॉनिटरिंग हेतु विभिन्न अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

## जिलाबदर के आरोपी को म्याना पुलिस ने दबोचा

**गुना, देशबन्धु।** म्याना पुलिस द्वारा गांव के रोड पर घूम रहे जिलाबदर बदमाश को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गत दोपहर में जिले के म्याना थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम मोरखेड़ी निवासी सोनू जाटव जो कि वर्तमान में जिला बदर होने के बाद भी अभी अपने गांव मोरखेड़ी के रोड पर घूम रहा है। इस सूचना के मिलते ही म्याना थाने से पुलिस की एक टीम जिला बदर बदमाश की धरपकड हेतु तत्काल रवाना हुई। पुलिस टीम जैसे ही मोरखेड़ी गांव के रोड पर पहुंची तो रोड पर घूम रहे मुखबिर द्वारा बताये हुलिये के व्यक्ति द्वारा पुलिस को देखकर छिपने का प्रयास किया। लेकिन पुलिस फोर्स द्वारा जिसे घेराबंदी कर दबोच लिया गया, जिसने पूछताछ पर अपना नाम सोनू पुत्र नारायण जाटव निवासी ग्राम मोरखेड़ी थाना म्याना का होना बताया गया। उल्लेखनीय है कि आरोपी सोनू जाटव आदतन अपराधी है।

# ए टू जेड क्रिकेट प्रतियोगिता में हुए 4



**गुना, देशबन्धु।** ए टू जेड ऑल इंडिया टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के द्वितीय राउंड में मंगलवार को राहुल 11 गुना वर्सेस बाबा क्लब मोरखेड़ी के बीच खेला गया। जिसमें राहुल 11 टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 136 रनों का विशाल लक्ष्य खड़ा किया। जिसमे मयंक स्वामी ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 29 बोलो मे 66 रन बनाए। जिसके जवाब में बाबा क्लब मोरखेड़ी 32 रनो पर ऑल आउट हो गई। राहुल 11 ने ये मैच 104 रनो से जीत लिया। जिसमें मैन ऑफ द मैच रहे मयंक स्वामी। वहीं दूसरा मैच पेंटर क्लब छाबड़ा वर्सेस एस के रेडियम ग्वालियर के बीच खेला गया। जिसमें पैंथर क्लब छाबड़ा ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 7.1 ओवर में 32 रनो पर अल आउट हो गई। एसके रेडियम ग्वालियर ने ये लक्ष्य 3.2 ओवरों में 3 विकेट पर आसानी से हासिल कर लिया। जिसमें मैन ऑफ द मैच रहे इरफान पटेल 2 ओवर में 5 रन देकर 4 विकेट लिए।

तीसरा मुकाबला एसएस के क्लब शाहपुर वर्सेस लगन क्रिकेट क्लब अशोक नगर के बीच खेला गया। जिसमें एस एस शाहपुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवरों में 89 रन बनाए। जिसका जवाब में लगन क्रिकेट क्लब अशोकनगर ने यह 8.5 ओवरों में 3 विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। लगान क्रिकेट क्लब ने यह मैच 5 विकेट से जीत लिया। जिसमें मैन ऑफ द मैच रहे जॉन्टी 2 ओवर में 11 रन देकर 5 विकेट लिए। वहीं मंगलवार को अंतिम मुकाबला थर्ड राउंड का खेला गया 8 ओवर का लगन क्रिकेट क्लब अशोकनगर वर्सेस एस के रेडियम ग्वालियर के बीच खेला गया। एसके रेडियम ग्वालियर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवरों में 7 विकेट पर 124 रन बनाए। जिसका जवाब में लगन क्रिकेट क्लब अशोकनगर 8 ओवरों में 6 विकेट पर 60 रन ही बना सकी। एसके रेडियम ग्वालियर ने ये मैच 64 रनों से जीत लिया। जिसमे मैन ऑफ द मैच रहे पंकज पटेल 2 ओवर में 7 रन देकर 3 विकेट लिए। 13 दिसंबर को गुजरात और सतना और कटनी टीम अपने-अपने राउंड के मैच खेलेगी।

मामले की होगी जांचः पुलिस अधीक्षक

# चालानी कार्रवाई के नाम पर बृजपुर पुलिस पर 50 हजार लूटने का आरोप

**पन्ना, देशबन्धु।** पन्ना जिले की बृजपुर थाना पुलिस के कर्मियो का चालानी कार्यवाही के नाम पर पचास हजार रूपये लूटने के संबंध में आवेदको द्वारा पुलिस अधीक्षक के नाम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आरती सिंह को आवेदन दिया गया है। जिसमें आरती सिंह ने मामले की जांच कराकर कार्यवाही करने का आश्वासन आवेदक को दिया है। जानकारी के अनुसार रवी देव मिश्रा पिता कपिल देव मिश्रा खिरवा टोला नागोद द्वारा दिये गये आवेदन में बताया कि हम लोग 11 दिसम्बर को अपने दोस्तो विवेक चौरसिया, ऋषभ गर्ग के साथ कालिन्जर ट्रक देखने गये थे तथा वहां से वापिस लौट रहे थे। इसी दौरान बृजपुर थाना अन्तर्गत उंगरी मोड भवानीपुर के पास बृजपुर पुलिस के द्वारा वाहनो की चेकिंग की जा रही थी। तो हमारी बुलेरो गाढी को भी चेक किया गया एवं आरक्षक विनय कुमार ने गाढी खडी कराकर बोला की सीट बेल्ट क्यो नही लगाया है, तो मेरे द्वारा बताया गया कि बेल्ट लगाया है उसके बावजूद उन लोगो द्वारा गाली गलौच की गई तथा हम लोगो को शिप्ट गाढी में बैठाकर पहाडीखेरा पुलिस चौकी ले गये। जहां पर साथियो को छोड दिया तथा बृजपुर मोड के पास विनय कुमार तथा अन्य पुलिस आरक्षको ने मारपीट की तथा पचास हजार रूपये छीन लिये। उसके बाद पुलिस जवानो द्वारा बृजपुर थाना हम लोगो को ले जाया गया एवं वहां पर एक हजार का चालान काटा गया। जो फोन पे के द्वारा हमारे द्वारा होटल वाले के खाते में डलवाकर पुलिस वालो ने नगद ले लिया गया तथा रजिस्टर मे हस्ताक्षर करवाये एवं बडी मुश्किल से छोडा गया। आवेदन में बताया गया कि इस दौरान सहायक उपनिरीक्षक राकेश सिंह एवं तीन अन्य आरक्षक शामिल रहे। संबंधितो पर कार्यवाही करने की मांग की गई है।

## इनका कहना है

संबंधित मामले में एक आवेदन प्राप्त हुआ है जिसमे मारपीट करने एवं पैसे छीनने का उल्लेख किया गया है मामले की जांच कराई जायेगी तथा जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।

**आरती सिंह,**
**अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना**

मुझे भी मामला संज्ञान मे आया है, में बाहर था यदि इस प्रकार की घटना की गई है तो यह गलत है संबंधित मामले की जांच करायेगें साथ ही सहायक उपनिरीक्षक राकेश सिंह छुट्टी पर है जो नागपुर मं इलाज करा रहे है, लेकिन जो भी पुलिसकर्मीयों द्वारा इस प्रकार किया गया है जांच के बाद कार्यवाही की जायेगी।

**बखत सिंह, थाना प्रभारी बृजपुर**

# विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन



**दमोह देशबन्धु।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष रेणुका कंचन के निर्देशन एवं जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव अम्बुज पाण्डेय के मार्गदर्शन में शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल हिरदेपुर में तस्करी एवं वाणिज्यिक यौन शोषण पॉक्सो एक्ट तथा ऐसिड अटैक से पीड़ितों को विधिक सहायता एवं पॉक्सो अधिनियम के विषय पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी दमोह राममनोहर सिंह दांगी, जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया, प्राचार्य मेनका सोनी, शिक्षकगण एवं छात्र/छात्रायें उपस्थित रहे। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी दमोह राममनोहर सिंह दांगी ने उपस्थित छात्र/छात्राओं को पॉक्सो एक्ट के बारे में बताते हुये सतर्क और सावधान रहने कहा। उन्होंने किसी भी अपरिचित व्यक्ति द्वारा दिये गये लालच में आकर विश्वास न करने हेतु प्रेरित किया तथा परिचित या अपरिचित व्यक्ति द्वारा की जा रही गलत गतिविधियों की जानकारी गुरूजन एवं माता-पिता के संज्ञान में लाने हेतु सलाह दी। उन्होने गुडटच, बेडटच, साईबर क्राईम से होने वाले नुकसान, सोसल मीडिया इत्यादि के संबंध में जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

# हटा विकासखंड में दिव्यांग दिवस के उपलक्ष्य में प्रतियोगिताओं का आयोजन

**दमोह/हटा देशबन्धु।** मंगलवार को हटा एमएलबी के ग्राउंड पर दिव्यांग दिवस के उपलक्ष में विकासखंड हटा के सभी प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय एवं के दिव्यांग छात्र-छात्राओं के बीच प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें अनेक छात्र-छात्राओं में बढ़-चढ़कर भाग लिया एवं अपने सामर्थ अनुसार प्रतियोगिता का चयन कर उसमें अपना जौहर दिखलाया। कार्यक्रम के आरंभ में हटा विधानसभा की निर्वाचित विधायक उमा देवी खटीक के द्वारा मां हंसवाहिनी के चरणों में माल्यार्पण किया गया एवं विधायक का स्वागत हटा बीआरसी हरीश अहिरवार के द्वारा किया गया। तत्पश्चात सभी अतिथियों का भी पुष्प मालाओं के द्वारा स्वागत किया गया उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं द्वारा सर्वप्रथम राष्ट्रगान सरस्वती वंदना का आयोजन किया गया एवं स्वागत गीत के माध्यम से सभी का अभिवादन किया गया। विधायक उमा देवी खटीक ने बच्चों को संबोधित करते हुए अपने बचपन को याद किया और कहा मैं भी कभी दिव्यांग श्रेणी में आती थी परंतु मैं हमेशा अपना



मनोबल बनाए रखा और धीरे-धीरे कदम बढ़ाते हुए अपने लक्ष्य को प्राप्त किया। इ सभी प्रतियोगिताओं का आयोजन खेल प्रशिक्षक संतोष शर्मा सहायक शिक्षक एवं प्रभारी एम.आर.सी राम सेन के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। प्रतियोगिताओं में बालक एवं बालिकाओं की अलग-अलग प्रतियोगिताएं आयोजित हुई जिसमें कुर्सी दौड़ बोरा दौड़ चिरंगा दौड़ चम्मच दौड़ रंगोली चित्रकला गायन एवं अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित की गई सभी प्रतियोगिता में अलग-अलग प्रथम द्वितीय एवं तृतीय विजेता प्रतिभागियों को विशेष पुरस्कार प्रदान किए गए एवं सभी उपस्थित प्रतिभागी दिव्यांग छात्र-छात्राओं को भी पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए एवं 50 रुपए की राशि सभी दिव्यांग छात्र छात्राओं को दी गई एवं दोपहर के समय सभी के लिए विशेष भोजन का आयोजन भी किया गया कार्यक्रम में भूपेंद्र सिंह राजपूत विकासखंड शिक्षा अधिकारी , डाइट प्राचार्य आर.पी.विश्वकर्मा हरीश अहिरवार बी.आर.सी.हटा, अशोक अग्रवाल प्राचार्य सीएम राइस विद्यालय, एम एल अहिरवार बीएससी, जितेंद्र सिंह राजपूत रामशंकर छिरौलया योगेश सोनी गोपी तंतुवाय सुनील पाठक रज्जाक खान प्रताप पटेल हारुन खान दुर्गेश मिश्रा महेंद्र प्यासी आनंद पटेल एवं मातृ शक्तियों के रूप में महिला शिक्षिकाएं शर्मिला अहीरवाल बीएससी दुर्गेश्वरी राजपूत रुचि सोनी सहित अनेक शिक्षक साथी उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन सुनील सोनी एवं संदीप सोनी के द्वारा किया गया।

# लायंस क्लब ने जरूरतमंदों को वितरण किए कंबल



**दमोह देशबन्धु।** लायंस क्लब दमोह द्वारा दमोह शहर के सुभाष कॉलोनी के पिछड़े इलाके में जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरण का कार्यक्रम किया। जिसमें पार्षद विक्रम ठाकुर एवं राजू ठाकुर पार्षद के सहयोग से निशांत चौरसिया ने जरूरतमंदों की सूची बनाकर मदद की गई। साथ ही ग्राम ग्वारी में भी ठंड से बचाव हेतु कंबल वितरण का कार्यक्रम सुशील गुप्ता के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। वितरण कार्यक्रम में लायंस क्लब की ओर से लायन राजेंद्र अग्रवाल, नरेंद्र बजाज, कैप्टन वाधवा डॉ.ताम्रकार, हरि पालीवाल, मनोज टंडन, राकेश अग्रवाल, अभिषेक गोयल, लक्ष्मी अग्रवाल, अशोक छाबड़ा, जुगल अग्रवाल की विशेष उपस्थिति रही। अध्यक्ष लायन सुधीर असाटी ने सभी को आभार व्यक्त किया।


# डॉ मोहन सिंह आदर्श डॉ. अम्बेडकर राष्ट्रीय विशिष्ट सेवा श्री सम्मान से दिल्ली में पुरस्कृत

**दमोह देशबन्धु।** भारतीय दलित साहित्य अकादमी दिल्ली द्वारा आयोजित साहित्यकार, समाजसेवी लेखकों पत्रकारों के 39वे अंतराष्ट्रीय अधिवेशन में 'डॉ अंबेडकर राष्ट्रीय विशिष्ठ सेवा सम्मान 2023' से दमोह मध्यप्रदेश के डॉ मोहन सिह आदर्श को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ सत्यनारायण जटिया केंद्रीय मंत्री पूर्व राज्यसभा सदस्य, संघमित्रा गौतम पूर्व राज्यसभा सांसद, नारायण सिंह केसरी एडवोकेट सुप्रीम कोर्ट एवं रेलवे बोर्ड मंत्रालय भारत सरकार चेयरमैन, रमेश रतन नेपाल के राजपरिषद सदस्य,माननीय उत्तमकुमार,माननीय पी विष्णु मूर्ति अध्यक्ष साउथ इंडिया कमेटी एवं अकादमी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सोहनपाल सुमनाक्षर, मध्यप्रदेश इकाई प्रदेश महासचिव राष्ट्रीय कवि श्री रमेशचंद्र चंगेसिया प्रभात, कवि कालीचरण स्नेही सहित द्वारा शाल-श्रीफ्ल,सम्मान पत्र व प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। उक्त सम्मान पाने पर डॉ आदर्श को गणमान्यजन ने उपलब्धि पर बधाई दी है ।



# डिस्पोजल मशीन से ग्रामीणों को रोजगार की सौगात

**दमोह/पथरिया देशबन्धु।** विधानसभा में युवा वर्ग रोजगार की समस्या से जूझ रहा है मजदूर वर्ग रोजगार के लिए बड़े शहरों के लिए पलायन करने पर मजबूर है ऐसी स्थिति में बांसाकलां ग्राम में नो फ़िक्र इंडस्ट्रीज की शुरुआत के साथ ही 32 क्षेत्रीय युवाओं को रोजगार मिल गया है जिसमें बांसा, नंदरई एवं सजिया ग्राम के युवाओं को पहली प्राथमिकता के साथ रोजगार दिया गया है, नो फ़िक्र इंडस्ट्रीज के संचालक अभिनव मुखुटी ने बताया कि नो फ़िक्र संस्था के एनजीओ तथा समाचार के क्षेत्र में कार्य के उपरांत नो फ़िक्र इंडस्ट्रीज की शुरुआत की गई है जिसमें कागज के डिस्पोसल का निर्माण किया जायेगा।



## यूपीएससी में चयनित डॉ. एलिस सराफ



**दमोह/पथरिया देशबन्धु।** संघ लोक सेवा आयोग मुख्य चिकित्सा सेवा अधिकारी परीक्षा में डॉक्टर एलिस सराफ एमबीबीएस का चयन मुख्य स्वास्थ्य सेवा अधिकारी ग्रेड 1 पद पर चयन हुआ है डॉ.एलिस सराफपथरिया निवासी नरेन्द्र सराफभाजपा नेता पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं ज्योति सराफ की सुपुत्री है परिवार के साथ साथ पूरे नगर व समाज का नाम रोशन किया ।

# जनसुनवाई में आए 55 आवेदन , अधिकारियों ने सुनीं समस्याएं



**दमोह देशबन्धु।** कलेक्टर मयंक अग्रवाल कलेक्ट्रेट परिसर में बनाये गये नये स्वरूप के कक्ष में शहर एवं दूरस्थ अंचलों से आये आमजन की समस्याओं को सुना तथा सम्बन्धित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। इस अवसर पर जनसुनवाई में 55 आवेदन आये। इस अवसर पर जिलाधिकारी सहभागिता निभा रहे हैं।

## जनसुनवाई में आए 40 आवेदन

**पन्ना, देशबन्धु।** कलेक्टर हरजिंदर सिंह ने मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में आम जनता की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभाग के अधिकारियों को तत्परता से निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में कुल 40 आवेदन आए। प्रत्येक आवेदकों के प्रकरणों में सुनवाई कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की गई। कलेक्टर के निर्देश पर संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा मौके पर भी त्वरित कार्यवाही कर आवेदकों को योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर कुशल सिंह गौतम भी उपस्थित थे।

## परिषद प्रिय कारिणी संभाग का अधिवेशन संपन्न



**दमोह देशबन्धु।** अधिवेशन का प्रारंभ ध्वजारोहण ध्वज वंदना के साथ प्रारंभ हुआ उसके पश्चात दीप प्रज्ज्वलित कर सभी अतिथियों का सम्मान किया गया। कार्य क्रम का मुख्य आकर्षण बैनर प्रेजेंटेशन ,स्क्रब बुक जिसके माध्यम से सभी शाखाओं द्वारा किए गए कार्यों की रिपोर्ट होती है सभी शाखाओं ने शानदार बैनर प्रेजेंटेशन दिया कार्यक्रम के मध्य में शाखा की बहनों द्वारा एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि प्रांतीय अध्यक्ष विजय लक्ष्मी, प्रांतीय सचिव निशा प्रांति कोषाध्यक्ष मीना एवं प्रांतीय प्रशासनिक सलाहकार रानी की गरिमामई उपस्थिति रही और उनकी उपस्थिति में कार्यक्रम सानंद संपन्न हुआ। कार्यक्रम अध्यक्ष संभागीय अध्यक्ष स्नेह लता जैन रही, कार्यक्रम में केंद्रीय संरक्षिका रोहिणी जैन एवं प्रांतीय सह सचिव नेहा बजाज एवं प्रांतीय चेयरपर्सन संगीता जैन एवम वरिष्ठजनों की उपस्थिति कार्यक्रम का समापन आभार के साथ किया गया सम्भागीय सचिव कल्पना नायक ने आभार व्यक्त किया।

# आचार्य श्री विराग सागर के मंगल प्रवेश से पुलकित हुआ नगर



**दमोह/पथरिया देशबन्धु।** बुंदेलखंड के प्रथम दिगम्बर जैन आचार्य श्री 108 विराग सागर जी महाराज का भव्य मंगल आगमन जन्मभूमि पथरिया में सुबह 9 बजे बोतराई रोड से श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में हुआ। मंदिर से प्रारंभ हुई मंगलागवानी में नगर के हर घर मे रंगोली, तोरण द्वार से सजाया गया। अपने द्वारे पूज्य आचार्य श्री विराग सागर जी का पाद प्रक्षालन चरण पखारे। विशाल जलूस में धर्म ध्वजा धारण किये महिला मंडल, बालिका मंडल ,नवयुवक भक्ति भाव से नाचते हुये आंगे चल रहे थे, उनके पीछे संगीत मंडल, डी जे,दिव्य घोष, महिला मंडल, पुरुष मंडल,नवयुवक मंडल, बालिका मंडल, विराग मंडल सभी दिव्य धर्म ध्वजाएं लहराते हुए चल रहे थे। मंगल आगवानी में हजारों पैदल जुलूस में चलते रहे। नगर के मुख्य मार्गो पर रंगोली सजाई जा रही थी नगर के हृदय स्थल संजय चौराहे पर भक्तों ने पूज्य आचार्य श्री के चरण प्रक्षाल कराए। नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए आचार्य श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन बड़े मंदिर पहुँचे ।आचार्य श्री आहारचर्या कराने का सौभाग्य प्रकाश चंद मिट्ठू सराफ गुरुभक्त परिवार को प्राप्त हुआ। आचार्य श्री ने अपने मंगल प्रवचनों में कहा कि एकता में शक्ति है हम हमेशा एक दूसरे को सहयोग देना सीखे,एक दूसरे के पूरक बने अपना प्रेम व्यवहार ऐसा बनाये जिससे सारी जनता आपके साथ हो जाये। क्योंकि यदि हम दो कदम बढ़ेंगे तो सामने वाला भी 200 कदम चलकर आपके पास आकर सहयोग करेगा ।कार्यक्रम और आगवानी में नगर के अभी जैन जैनेतर बंधु समिलित रहे।

# कलेक्टर ने की निर्माण विभागों के कार्यों की समीक्षा

- गुणवत्ता के साथ समयावधि में कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश





**पन्ना, देशबन्धु।** कलेक्टर हरजिंदर सिंह ने कहा है कि निर्माण विभागों के अधिकारियों द्वारा समयावधि में विभिन्न कार्यों की पूर्णता सुनिश्चित की जाए। निर्माण कार्य निर्बाध रूप से गुणवत्ता के साथ समयावधि में पूर्ण भी कराएं। इसके अलावा गत विधानसभा निर्वाचन की आदर्श आचार संहिता के कारण अप्रारंभ कार्यों के लिए तत्काल टेंडर की कार्यवाही भी करें। कलेक्टर श्री सिंह ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विभिन्न निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक में निर्माणाधीन, प्रगतिरत व अप्रारंभ कार्यों की समीक्षा की। कार्यों को 31 जनवरी तक पूर्ण कराने के उपरांत लोकार्पण की कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए भी कहा। इस दौरान विभागीय अधिकारियों को गत वर्ष एवं इस वर्ष की रॉयल्टी राशि भी खनिज विभाग में जमा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में उपस्थित राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना सागर व रीवा के अधिकारियों से आवश्यक निर्माण समय पर पूर्ण कर भू.अर्जन संबंधी कार्यों की प्रगति के बारे में जानकारी ली। समीक्षा के दौरान मप्र सड़क विकास निगम के अधिकारी द्वारा सिमरिया मोहन्द्रा पवई के निर्माणीधीन मार्ग के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही अवगत कराया गया कि अमानगंज बायपास का कार्य भी अवरोध को दूर कराने के उपरांत अब शुरू हो गया है। यह मार्ग अप्रैल तक पूर्ण हो जाएगा। इसके अलावा अमानगंज सिमरिया मार्ग पर एक किलोमीटर लम्बाई की खराब सड़क को क्रांकीट सड़क बनाने के लिए जेके सीमेन्ट प्रबंधन को जरूरी सहयोग के लिए निर्देशित करने के बारे में कहा। कलेक्टर द्वारा जिला शिक्षा केन्द्र, स्वास्थ्य विभाग, हाउसिंग बोर्ड, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, जल संसाधन विभाग के परियोजना व निर्माण कार्यों के बारे में जानकारी लेकर विलंब से संचालित कार्यों को समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत प्रगतिरत मार्ग व पुल-पुलिया सहित वर्ष 2023-24 में स्वीकृत नवीन कार्य तथा मंडी फंड के प्रस्तावित कार्यों के बारे में जानकारी लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिए। पन्ना-पहाड़ीखेरा मार्ग मार्च तक होगा पूर्ण कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग के कई प्रगतिरत और अप्रारंभ कार्यों की समीक्षा कर सकरिया-गुनौर, पन्ना-पहाड़ीखेरा और अन्य वृहद मार्गों के कार्यों के क्रियान्वयन की जानकारी ली। विभाग के कार्यपालन यंत्री द्वारा अवगत कराया गया कि पन्ना-पहाड़ीखेरा मार्ग निर्धारित समय सीमा से 9 माह पूर्व आगामी मार्च माह तक पूर्ण हो जाएगा। कलेक्टर ने गुणवत्तापूर्ण कार्य के निर्देश के साथ ही वन विभाग के अवरोध दूर कराने के लिए आवश्यक कार्यवाही कर विभाग के अन्य कार्यों को भी समय पर पूर्ण कराने के निर्देश दिए। करिया से महोड़खुर्द मार्ग के निर्माण में लापरवाही पर पेनल्टी, छतैनी-बृजपुर मार्ग में 3 किलोमीटर मार्ग में वन भूमि के बदले राजस्व विभाग की जमीन देने की प्रक्रिया पूर्ण करने तथा जिला खनिज मद के कार्यों में कार्यादेश जारी कराने के लिए भी निर्देशित किया।

जिले के लिए स्वीकृत 6 सीएम राइज स्कूल में से परियोजना क्रियान्वयन इकाई द्वारा निर्माणाधीन 5 सीएम राइज स्कूल के भवन में गुणवत्ता पूर्ण कार्य के निर्देश दिए। पन्ना सीएम राइज स्कूल भवन का निर्माण कार्य भवन विकास निगम द्वारा करवाया जा रहा है। उन्होंने विभिन्न कार्यों की वित्तीय प्रगति के बारे में जानकारी लेकर लोकसभा निर्वाचन की आचार संहिता के पूर्व निर्माणाधीन कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। साथ ही उच्च शिक्षा, जनजातीय कार्य विभाग और कौशल उन्नयन एवं रोजगार विभाग की निर्माणाधीन आईटीआई मोहन्द्रा, गुनौर और शाहनगर के निर्माण कार्यों की प्रगति के बारे में जानकारी ली। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र निर्माण के लिए हटवाएं कब्जा कलेक्टर ने कहा कि पहाड़ीखेरा में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण के लिए प्रस्तावित जमीन से कब्जा हटवाने की कार्यवाही करें।

एमपी के
मन में मोदी

जन-जन का
आभार
आपने चुनी
डबल इंजन सरकार



नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

# मध्यप्रदेश की नवनिर्वाचित सरकार का
# शपथ ग्रहण समारोह

13 दिसम्बर, 2023
पूर्वाह्न 11:30 बजे

मोतीलाल नेहरू स्टेडियम, भोपाल



डॉ. मोहन यादव
नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री

सीधा प्रसारण DDMP @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी D-11153/23 आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2023


स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली***
प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन-** MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।